संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 24 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर फिल्म गदर 2 के निर्देशक एवं कलाकारों ने शिष्टाचार भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 225 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# सबसे आगे हिन्दुस्तानी

# चंद्रक्रांतिः रचा इतिहास, चांद पर फहराया तिरंगा

## चांद पर चंद्रयान बोला- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया, साउथ पोल पर लैंडिंग करने वाला भारत दुनिया का पहला देश, अब चंदामामा दूर के नहींः पीएम

### ऐतिहासिक

- चंदा मामा के घर 'मेहमान' बनकर पहुंचा भारत, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,
- पीएम मोदी ऐतिहासिक पल के साक्षी बने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चांद** की धरती पर उतरकर भारत ने बुधवार को इतिहास रच दिया। चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर तय समय पर 6 बजकर 4 मिनट पर चांद के उस हिस्से पर उतरा, जहां आज तक कोई भी नहीं पहुंचा था। इस ऐतिहासिक पल का सीधा प्रसारण होने से पूरा देश चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर कदम रखने की ऐतिहासिक घटना का गवाह बना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने गए साउथ अफ्रीका से इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

**चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना भारतः** अमेरिका, रूस और चीन भारत से पहले चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं, इसलिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मून मिशन पर नासा सहित पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं, क्योंकि इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि आज भारत का चंद्रयान-3 उस जगह पर उतरा है, जहां पर आज तक कोई देश नहीं पहुंच सका था। बेंगलुरु के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की पूरी टीम के लिए यह बेहद अहम और तनाव भरा समय रहा, लेकिन भारत के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर जाने वाला दुनिया का पहला देश बनते ही सारे वैज्ञानिक खुशी से झूम उठे और एक दूसरे को बधाई दी। चांद का दक्षिणी ध्रुव बेहद खास और रोचक इसलिए है, क्योंकि यहां हमेशा अंधेरा रहता है। इसरो ने चांद के इस हिस्से में मौजूद क्रेटर्स में सोलर सिस्टम के जीवाश्म होने की संभावना भी जताई है। चंद्रयान-3 से भेजा गया प्रज्ञान रोवर चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर घूम कर इन सब बातों का पता लगाएगा।









**यह** क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। नया इतिहास बनते ही हर भारतीय जश्न में डूब गया है। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं। एक दिन ऐसा आएगा कि बच्चे कहेंगे चंदा मामा बस टूर के हैं।

-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**अब क्या-क्या शोध करेगा प्रज्ञान रोवरः** भारत का चंद्रयान-3 मिशन अब तक के मिशनों से अलग है। इस मिशन से व्यापक भौगोलिक, मौसम सम्बन्धी अध्ययन और चंद्रयान-1 द्वारा खोजे गए खनिजों का विश्लेषण करके चंद्रमा के अस्तित्त्व में आने और उसके क्रमिक विकास की और ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

## विक्रम लैंडर ने खुद तलाशी लैंडिंग की जगह

**इसरो के** मुताबिक चांद पर गुरुत्वाकर्षण शक्ति धरती की अपेक्षा 1/6 कम है। यानी वहां गिरने की गति ज्यादा तेज है, क्योंकि वहां वायुमंडल नहीं है, इसलिए घर्षण से गति कम करने की कवायद भी नहीं की जा सकती थी। इसलिए जब विक्रम लैंडर ने 25 किमी. की ऊंचाई से चांद की सतह पर उतरना शुरू किया, तो उसके नीचे लगे चारों इंजनों को ऑन कर दिया गया। इस तरह जो इंजन अभी तक विक्रम लैंडर को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे, वही इंजन विपरीत दिशा में दबाव बनाकर विक्रम की गति को कम करके 2 मीटर प्रति सेकंड पर ले आये और लैंडिंग से कुछ सेकंड पहले गति जीरो कर दी गई। यह सारा काम विक्रम लैंडर में मौजूद ऑनबोर्ड





कंप्यूटर ने किया। उसमें लगे सेंसर्स ने सही और गलत जगह की तलाश की और फिर विक्रम लैंडर अपने चारों पैरों के सहारे आराम से चांद की सतह पर उतर गया।

**चंदा मामा के दूर के नहीं, एक टूर केः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा- यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। नया इतिहास बनते ही हर भारतीय जश्न में डूब गया है। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं। एक दिन ऐसा आएगा कि बच्चे कहेंगे चंदा मामा बस टूर के हैं।

**तब रूस के नाम हो जाता यह रिकॉर्डः** भारत से पहले रूस चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लूना-25 यान उतारने वाला था। 21 अगस्त को यह लैंडिंग होनी थी, लेकिन आखिरी ऑर्बिट बदलते समय रास्ते से भटक गया और चांद की सतह पर क्रैश हो गया। चंद्रयान-3 आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को 3 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन का समय लगा। धरती से चांद की कुल दूरी 3 लाख 84 हजार किलोमीटर है।

## साउथ पोल पर ही मिशन क्यों भेजा गया?





**चंद्रमा** के पोलर रीजन दूसरे रीजन्स से काफी अलग हैं। यहां कई हिस्से ऐसे हैं जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती और तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे तक चला जाता है। ऐसे में वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यहां बर्फ के फॉर्म में अभी भी पानी मौजूद हो सकता है। भारत के 2008 के चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। इस मिशन की लैंडिंग साइट चंद्रयान-2 जैसी ही है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास 70 डिग्री अक्षांश पर। लेकिन इस बार एरिया बढ़ाया गया है। चंद्रयान-2 में लैंडिंग साइट 500 मीटर 500 मीटर थी। अब, लैंडिंग साइट 4 किमी 2.5 किमी है। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट-लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला स्पेसक्राफ्ट बन गया है। चंद्रमा पर उतरने वाले पिछले सभी स्पेसक्राफ्ट भूमध्यरेखीय क्षेत्र में, चंद्र भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में कुछ डिग्री अक्षांश पर उतरे हैं।

**इस बार लैंडर में 5 की जगह 4 इंजन क्यों?**

इस बार लैंडर में चारों कोनों पर चार इंजन (थ्रस्टर) लगाए गए। पिछली बार चंद्रयान-2 के बीचो-बीच लगा पांचवां इंजन हटा दिया गया। फाइनल लैंडिंग दो इंजन की मदद से ही हुई। दो इंजन इसलिए बंद रखे गए ताकि इमरजेंसी में ये काम कर सकें। चंद्रयान 2 मिशन में आखिरी समय में पांचवां इंजन जोड़ा गया था। इंजन इसलिए हटाया गया, ताकि ज्यादा फ्यूल साथ ले जाया जा सके।

## क्या होती है सॉफ्ट लैंडिंग

**भारत** ने पहली बार किसी उपग्रह पर अपने किसी यान की सॉफ्ट लैंडिंग कराई है। सफल होने पर भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है, जिसके पास सॉफ्ट लैंडिंग की स्वदेशी तकनीक है। सॉफ्ट लैंडिंग में खतरे भी बहुत होते हैं और तमाम सावधानियां भी बरतनी पड़ती हैं। हवाई जहाज से कूदने पर थोड़ी ऊंचाई के बाद पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरने को भी 'सॉफ्ट लैंडिंग' कहा जाता है।



चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग पर इसरो वैज्ञानिकों ने जश्न मनाया।

## 'चंद्रयान-3' की सफलता से अंतरिक्ष विज्ञान के स्वर्णिम युग का आरंभः योगी

**लखनऊ**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'चंद्रयान-3 की सफलता को भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के स्वर्णिम युग का आरंभ कहा है। बुधवार को मिशन की सफलता के बाद अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजनरी नेतृत्व में 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव के साथ अर्जित इस उपलब्धि के लिए इसरो की टीम का हार्दिक अभिनंदन है।

मुख्यमंत्री योगी भी चंद्रयान-3 के चांद की सतह पर सफल लैंडिंग के साक्षी बने। सीएम ने अपने आवास पर भारत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का सीधा प्रसारण देखा। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद उन्होंने सभी को बधाई दी और इस उपलब्धि को नए भारत के सामर्थ्य और शक्ति का जोरदार प्रदर्शन करार दिया।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर, वैज्ञानिकों ने बताया इसे जीवन का यादगार लम्हा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत ने चांद पर कदम रख कर इतिहास रच दिया है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने खुशी जताई। बुधवार को सफल मिशन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर अपनी टीम को बधाई देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मिशन-2 की विफलता से बहुत कुछ सीखा और आज हम सफल हुए। चंद्रयान से मिलने वाली जानकारी के लिए अभी अगले 14 दिनों का इंतजार किया जा रहा है। इसरो की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो प्रमुख को बधाई दी। इसरो प्रमुख ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि इसरो का अगला मिशन आदित्य एल-1 मिशन है जो श्रीहरिकोटा में तैयार हो रहा है। चंद्रयान 3 मिशन की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर कल्पना ने कहा कि यह उनके और उनकी टीम के लिए सबसे यादगार पल है। पिछले कई वर्षों से हम यही प्रयास कर रहे हैं।

# इंक्यूवास टीम ने किया छावनी नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**



**सफाई व्यवस्था**

▶▶ अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल पहुंचे पर डॉ राकेश सैहल व उनकी टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया

अंबाला छावनी सिविल अस्पताल मे इनक्वास की राज्य स्तरीय टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को जांचा। इस दौरान डॉ पूनम दहिया, डॉ पूर्ण चौधरी मैडिकल सुपरीडेंट, डॉ मनोज गोस्वामी, डॉ विष्णु शर्मा, इंफैक्शन कंट्रोलर अलिजा बैथ मौजूद थी। अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल पहुंचे पर डॉ राकेश सैहल व उनकी टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस टीम ने सबसे पहले ओपीडी की व्यवस्थाओं को देखा तथा यह भी जांचा की अस्पताल में किस प्रकार से सफाई व्यवस्था की जा रही है। उन्होंनें वहां मौजूद रोगियों से भी बात की।

राकेश कुमार ने बताया कि स्टेट असेसमेंट द्वारा आज हस्पताल का निरक्षण किया जायेगा और वो हस्पताल में जो भी देखना चाहेंगे देख सकते है हमारी टीम उनके साथ रहेगी ! उन्होंने बताया कि आज हमारे यहां यमुनानगर से स्टेट असेसमेंट आई जिसमे चार लोग हैं उसमे उनकी सीनियर लीडर है और उनके साथ तीन डॉक्टर और है ! उन्होंने बताया की ये हस्पताल की सफाई ववस्था ए पेसेंट्स को कैसे ट्रीट किया जा रहा है। क्या वो गाइड लाइन के अनुसार हो रहा है के नहीं ! उन्होंने बताया की हस्पताल की ववस्था को देखने के बाद वो एक रिपोर्ट त्यार करके सरकार को सम्मिट कराएंगे ! उन्होंने कहा की ये टीम स्वतंत्र है जो भी वार्ड देखना चाहे । गाइनी देखना चाहे ए व्व्क देखना चाहे ए लैब देखना चाहे या फिर हस्पताल का कोई भी वार्ड देखना चाहे देख सकते है और अपनी रिपोर्ट बनाकर सौंप सकते है ! इसके लिए उन्होंने गृह मंत्री अनिल विज की भी तारीफ की जिनकी वजह से आज नागरिक हस्पताल में हर सुविधा उपलब्ध है और लोग इसका फायदा भी उठा रहे हैं !

वहीं स्टेट असेसमेंट की टीम की सीनियर डॉक्टर से जब इस बारे में पूछा तो वो हस्पताल की ववस्था से संतुष्ट नजर आई।

उन्होंने बताया की हमने हड़पाल का निरक्षण किया है और यहां की ववस्था काफी अच्छी है ! उन्होंने कहा की हस्पताल में मेंटेनस काफी अच्छा है पेसेंटस लोड भी बहुत अच्छा है इतनी ज्यादा कमियां नहीं है हस्पताल में । उन्होंने हस्पताल की सफाई ववस्था को काफी सराहा।

उन्होंने बताया की अभी हम सारे हस्पताल का निरक्षण करके उसके बाद जो स्कोर देंगे उसमे जो कमियां होंगी उनको हाईलाइट करेंगे लेकिन ऐसा अभी कुछ नहीं है ! उन्होंने बताया की पिछले हफ्ते भी हमारी टीम यहां का निरक्षण करके जा चुकी है तब भी हमे बहुत अच्छी ववस्था मिली।

# कुछ समय हुई बरसात से अंबाला हुआ जलमग्न



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

सुबह से हुई बरसात के कारण कई स्थानों पर पानी भर गया। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात ये थे कि जण्डली मुख्य मार्ग पर तो लोगो का निकलना तो बेहद मुश्किल हो रहा था। यहां पर सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके साथ ही शहर की कपड़ा मार्केट में भी जलभराव के कारण परेशानी बनीं रहीं। नदी मौहल्ले में कई घण्टों तक पानी जमा रहा । जिसके चलते राहगिरों को चलने में भारी परेशानी हुई। हालांकि बरसात के कारण एक ओर जहां लोग परेशान थे तो दूसरी ओर लोगों को गर्मी से भी राहत मिली। सुबह लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। तड़के से आसमान में बादल छाए हुए थे जो सुबहण्सुबह गरजण्चमक के साथ झमाझम बरसे। मौसम विभाग ने सुबह 4 से 8 बजे तक हुई 53.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की है। विभाग ने अंबाला के साथ यमुनानगर पंचकूला कुरुक्षेत्र करनाल और कैथल में 27 अगस्त तक कहीं बूंदाबांदी तो कहीं अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में ड्राइविंग सिम्युलेटर का किया शुभारंभ



**मददगार**

▶▶ विभागाध्यक्ष ने बताया कि यह ड्राइविंग सिम्युलेटर विद्यार्थियो मे ड्राइविंग कौशल को बढाने मे मददगार साबित होगा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे आटोमोबाइल ब्रांच के विद्यार्थियो मे ड्राइविंग कौशल को बढावा देने के लिए ड्राइविंग सिम्युलेटर का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डा राजीव सपरा द्वारा किया गया । इस अवसर पर आटोमोबाइल विभागाध्यक्ष रविंद्र सांई ने बताया कि यह ड्राइविंग सिम्युलेटर विद्यार्थियो मे ड्राइविंग कौशल को बढाने मे मददगार साबित होगा । इस अवसर पर उन्होने बताया कि यह ड्राइविंग सिम्युलेटर विद्यार्थियो को ड्राइविंग सिखाने के साथ साथ उन्हे ट्रैफिक नियमो की भी जानकारी देगा और इससे विद्यार्थियो को अलग अलग सड़क मार्गो व मौसम परिस्थितयो मे ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा । यह ड्राइविंग सिम्युलेटर विद्यार्थियो को ड्राइविंग की बारीकिया भी सिखाएगा । इस अवसर पर मुनीष गुप्ता , कुलबीर लठवाल , नवनीत गुप्ता , सुरिंदर मलिक , इंद्रजीत सिंह , राकेश मंनचदा, आकाश गोदारा इत्यादि उपस्थित थे

# सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने निगम के जोहडों की खुदाई शुरू करवाई

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**



गत दिवस सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधना ने नगर निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीना के साथ गाँव राठधना में लंबे समय से अतिप्रवाहित हुए जोहडो कि खुदाई का कार्य शुरू कराया। सीनियर डिप्टी मेयर ने बताया कि ग्रामीणों ने जोहडो के पानी की निकासी की समस्या उनके समक्ष रखी थी। जिनके उपरांत उन्होंने नगर निगम से करीब 1 करोड़ रुपये का निगम क्षेत्र के जोहडो की खुदाई का काम पास करवाया जिसका कार्य शुरू हो गया है। इसमें मुख्य रूप से गाँव के जोहडो का पानी निकालना,उनकी खुदाई कराना व गाद निकालना है। ग्रामीणों ने सीनियर मेयर राजीव सरोहा राठधना का आभार जताया। आई.ए.एस. विश्राम कुमार मीना,ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, अत्तर सिंह प्रधान,रामतीर्थ सरोहा, रणधीर सरोहा,अजीत सरोहा, एक्सएन अजय निराला, एसडीओ सोम्बीर, बाल्किशन, धनु,महताब सरोहा, पंडित श्रीनिवास व अन्य गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

# अदालत के फैसले के बाद कपड़ा मार्केट में लगी रेहड़ियां

**आभार**

▶▶ वे कोर्ट का धन्यवाद करते है जिसके कारण उन्हे पहले की तरह पुरानें स्थान पर ही अपनी रेहडियां लगाने का अवसर दिया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद आखिरकार रेहड़ी फड़ी वालों को थोड़े समय के लिए ही सही पर राहत मिल गई है। पिछले कई दिनों से चले आ रहे रेहड़ी फड़ी संचालकों के धरने के बाद मामला स्थानीय कोर्ट में पहुंचा जहां पर जे एम आई सी मुकेश कुमार के आदेशों पर बस स्टैंड के बाहर लगने वाली रेहड़ियों को अब अगले आदेशों तक नहीं हटाया जा सकेगा। जिससे रेहड़ी संचालकों में भी खुशी की लहर है। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से उनका काम बंद पड़ा है जिसके चलते उन्हे अपना गुजारा चलाने में भी परेशानी हो रही थी। लेकिन अब कोर्ट के आदेशों के बाद उन्हे राहत मिली है। आज इसी के चलते रेहड़ी फड़ी वालों ने डोल बजाकर व मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर कि। जजपा नेता विवेक ललाना ने बताया कि उनकी लड़ाई सच्चाई की लड़ाई थी। इसलिए वे अपनी लड़ाई में जीते है। उन्होंनें कहा कि इस दौरान कई ताकतवर लोगो ने उनके धरने को समाप्त करना भी चाहा लेकिन वे अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

उन्होंनें कहा कि वे न्यायापालिका का धन्यवाद करते है जिसके कारण उन्हे पहले की तरह पुरानें स्थान पर ही अपनी रेहडियां लगाने का अवसर दिया है। उन्होंनें कहा कि उन्हे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है जिसके चलते कोर्ट ने उनकी समस्या को देखते हुए उनके पक्ष में फैसला दिया है। इस मौके पर आप नेत्री चित्रा सरवारा, संजय लाखड़ा, प्रधान रामनाथ, विनोद धीमान, कुलदीप सिंह मुल्तानी, एडवोकेट धर्म सिंह व एडवोकेट सर्बजीत सिंह व कई अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी नेताओं का कहना था कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष या पार्टी कि नहीं थी यह लड़ाई मुददे कि थी। इसी के चलते यह जीत मुमकिन हो पाई है। आज रेहड़ी फड़ी वालों ने ढोल नगाड़ों के साथ अपनी खुशी जाहिर कि और रेहड़ी फड़ियां लगाई। कोर्ट ने स्टे देते हुए कहा कि स्ट्रीट वैंडर को निगम की ओर से ही प्रमाण पत्र दिया गया है। जिसके आधार वे अपनी आजिविका चलाने के लिए उल्लेखित स्थानों पर अपनी रेहड़ियां लगा सकते है।

कोर्ट ने आदेश दिये है कि रेहड़ी संचालकों ने प्रमाण पत्रों की शर्तो का कोई भी नियम नहीं तोड़ा हैइसी आधार पर उन्हे अपना काम करने का अधिकार है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले में निगम अधिकारियों को सपष्टीकरण देने का आदेश दिया। जिसके चलते निगम की ओर से 12 सिंतबर को जवाब दिया जाएगा। फिलहाल रेहड़ी संचालकों ने अपनी रेहडियां वहां पर लगा ली है और उनमे खुशी की लहर है। इसी दौरान जब रेहड़ी संचालकों ने अपनी फड़ियां लगानी चाही तो दो महिलाओं ने विरोध जताते हुए कहा कि यहां पर उनकी भी जगह है उन्होनें आरोप लगाया कि रेहड़ी फड़ी वालों ने उनके बेटे पर गलत आरोप लगाते हुए गिरफतार करवाया है। वहीं दूसरी महिला चांदनी ने बताया कि वह वह भी पहले धरने पर बैठी थी लेकिन जब रेहड़ी फड़ी वालों ने विधायक असीम गोयल को गलत बोला तो उसने धरने से मूंह फेर लिया था। उसने कहा कि यहां पर उसकी भी जगह है लेकिन आज उसे यहां पर रेहड़ी नहीं लगाने दी जा रही है।

# मुआवजे की मांगों को लेकर अनाज मंडी में किसानों का धरना शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**



**विरोध**

▶▶ सरकार के साथ मीटिंग होने तक सभी किसान अनाज मंडी में धरना देंगे। अगर वार्ता विफल रहती है तो आगामी रणनीति तैयार करके बड़ा फैसला लिया जाएगा

बाढ़ से नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर चंडीगढ़ कूच करने पर अड़े किसान अब अंबाला सिटी की अनाज मंडी में धरना देंगे। हालांकि, इससे पहले किसानों ने अंबाला-हिसार हाईवे पर गांव बलाना में सर्विस लाइन पर धरना देने का ऐलान किया था। इसी सिलसिले में बलाना गुरुद्वारा में किसानों की मीटिंग हुई, जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि सरकार के साथ मीटिंग होने तक सभी किसान अनाज मंडी में धरना देंगे। अगर वार्ता विफल रहती है तो आगामी रणनीति तैयार करके बड़ा फैसला लिया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को प्रशासन और किसानों के बीच दिनभर नोकझोंक चली। ऊउ डॉ. शालिन ने बतौर जिला मजिस्ट्रेट अंबाला में धारा 144 लागू कर दी है। मंगलवार देर रात तक किसानों की रिहाई होने के बाद किसान थोड़ा शांत हुए। किसानों ने आज मीटिंग बुला आगामी रणनीति तैयार करने का फैसला लिया है। हालांकि, देर रात सभी किसानों को रिहा किया गया, जिसके बाद किसान नेता सुरेश कौथ ने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ 24 अगस्त मीटिंग रखी गई है। पुलिस ने किसानों को रिहा करने की बात कही है। जब तक पंजाब के शहीद हुए किसान का अंतिम संस्कार नहीं हो जाता और किसानों की अन्य मांगे पूरी नहीं होती। तब तक बलाना में सड़क किनारे धरना देंगे। पुलिस ने 100 से अधिक किसानों को हिरासत में लिया हुआ था। किसान नेता सुरेश कौथ ने कहा कि चंडीगढ़ कूच का प्रोग्राम केवल हरियाणा के किसानों का नहीं है, जब तक पंजाब के किसानों का मसला हल नहीं होता तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे।

# दूसरे दिन भी केमिकल फैक्ट्री में सुलगती रही आग, दमकल विभाग का आग बुझाने का प्रयास जारी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**तलाश जारी**

▶▶ फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मैकेनिक नफीस का भी नहीं लगा सुराग, मलबा निकालने काम शुरू

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 स्थित साई एग्जिम केमिकल फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह लगी आग पर दूसरे दिन भी पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। दूसरे दिन फैक्ट्री के अगले हिस्से की ही आग पर काबू पाया जा सका, जबकि पिछले हिस्से में अब भी आग सुलग रही है। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरे दिन भी फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मैकेनिक नफीस का कोई पता नहीं चल पाया है। नफीस की तलाश के लिए फैक्ट्री के अगले हिस्से का मलबा निकलवाया जा रहा है। फैक्ट्री के बाहर नफीस के गांव वालों का लगा तांता लगा रहा।

इसी बीच सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने नफीस के स्वजन से मिल कर उनका ढाढस बंधाया। इसके साथ ही उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद बड़ी एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक से जानकारी ली और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

**नफीस की तलाश में हाइड्रा व जेसीबी मदद से निकलवाया जा रहा है मलबा**

-नफीस की तलाश के लिए हाइड्रा व जेसीबी की मदद ली जा रही है। हाइड्रा की मदद व जेसीबी की फैक्ट्री के मलबे को बाहर निकाला जा रहा है। वहीं हाइड्रा की मदद से एक व्यक्ति को फैक्ट्री की छत तक पहुंचाया गया और छत पर बने कमरों की भी जांच करवाई गई, लेकिन किसी भी कमरे में नफीस नहीं मिला।

**बेटे को बचाने गया था लेकिन खुद नफीस फैक्ट्री में फंसा**

बागपत के खेड़ा हटाना गांव का रहने वाला 50 वर्षीय नफीस फैक्ट्री में अपने छोटे बेटे रिहान के साथ मेंटेनेंस का काम कर रहा था। नफीस छत पर काम कर रहा था, जबकि रिहान नीचे मौजूद था। इसके बाद फैक्ट्री में आग लग गई। इसी बीच रिहान अपने पिता का आवाज देता हुए सीढ़ियों तक पहुंचा तो फैक्ट्री में धूंआ फैल गया, जिस वजह से उसे दिखना भी बंद हो गया। जिस वजह से वह किसी तरह से फैक्ट्री से बाहर निकल आया। नफीस भी आग लगने के बाद बाहर निकलने लगा तो उसे लगा कि उसका बेटा रिहान अंदर ही रह गया है। जिसके बाद वहा फैक्ट्री में अपने बेटे को ढूंढने लगा और अंदर ही फस कर रह गया।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ग्रामीणों के साथ पहुंचे पावर हाऊस, 24 घंटे बिजली की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**



**मांग का समर्थन**

▶▶ विधायक सुरेंद्र पंवार ने चीफ इंजीनियर को फोन कर जल्द ही डिमांग को स्वीकृत करने के दिए निर्देश

विधायक सुरेंद्र पंवार गांव फाजिलपुर व गढ शहजानपुर के ग्रामीणों के साथ फाजिलपुर स्थित पावर हाऊस पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने यूएचबीवीएन के चीफ इंजीनियर से बात कर ग्रामीणों को 24 घंटे बिजली मुहैया करवाने के प्रस्ताव पर जल्द ही स्वीकृति देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित एक्सईएन को भी मामले में गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विधायक सुरेंद्र पंवार को ग्रामीणों ने बताया कि फाजिलपुर पावर हाऊस उनके गांव की जमीन पर बना हुआ है। वर्ष 1986 से दोनों गांवों में 24 घंटे बिजली की सप्लाई दी जा रही थी। लेकिन लाइन लॉस बताकर अचानक वर्ष 2018 से उन्हें 24 घंटे मिलने वाली बिजली में कटौती कर करीब 20 घंटे बिजली दी जाने लगी। जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे है। मामले से अवगत होने के उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने एक्सईएन सब अर्बन को पुनः 24 घंटे बिजली शुरू करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर एक्सएईएन ने डिमांड मुख्यालय में भेज दी थी। लेकिन करीब 20 दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया और पावर हाउस पर पहुंच गए। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक सुरेंद्र पंवार भी उनके साथ पावर हाउस पर पहुंचे और सम्बंधित अधिकारियों से कार्य की रिपोर्ट मांगी। इसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने चीफ इंजीनियर को फोन करके मांग को तुरंत स्वीकृत कर सोनीपत भेजने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ग्रामीणों की मांग को स्वीकृत कर सोनीपत भेजा दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। विधायक सुरेंद्र पंवार ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि बिजली की समस्या से जूझने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, रामफल राणा, प्रवीन सैनी, राजू फौजी, काला मलिक, राजू राणा, धर्मवीर, रामनिवास, पंकज, प्रवीन, प्रदीप सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त निदेशक ने उद्योगपतियों के साथ की बैठक

**गन्नौर।** हरियाणा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त निदेशक संजीत कौर ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित 318 नंबर फैक्ट्री में उद्योगपतियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने उद्योगपतियों से पीएनजी गैस कनेक्शन के संबंध में जानकारी ली और साथ ही यह जानने का प्रयास भी किया बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपति पीएनजी बायलर के कनेक्शन क्यों नहीं ले रहे हैं। उद्योगपतियों ने संयुक्त निदेशक को बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जो पाइपलाइन दबाई गई है उसकी क्षमता फैक्ट्रियों की क्षमता को देखते हुए कम है।

# ब्लॉक लेवल पर चल रही खेल प्रतियोगिताओं में बिरला स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**

**उपलब्धि**

▶▶ खिलाड़ी नमन ने 1500 मीटर की दौड में पहला स्थान तो 800 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं



**स्कूल** कार्यकारी अधिकारी सिकंदर दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि खरखौदा में ब्लॉक लेवल पर चल रही खेल प्रतियोगिताओं में बिरला स्कूल के खिलाडियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 आयुवर्ग में 9वीं कक्षा के खिलाड़ी नमन ने 1500 मीटर की दौड में पहला स्थान तो 800 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। इसी जीत की श्रृंखला को जारी रखते हुए 10वीं कक्षा के खिलाड़ी नीशू ने 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय को जीत दिलवाई हैं। इसके अलावा 11वीं कक्षा के खिलाड़ी दीपक ने 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान और 5 किलोमीटर की दौड में पहला स्थान प्राप्त किया हैं। उन्होंने बताया कि इस ब्लॉक खेल प्रतियोगिताओं में अनेक तरह के खेलों की सूची शामिल थी 8वीं कक्षा की खिलाड़ी आयशा ने अंडर -14 कुश्ती प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया हैं। इस श्रृंखला को आगे बढ़ाया अंडर 17 में 10वीं कक्षा की छात्रा रौनक ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। सिर्फ लड़कियां ही नहीं लड़के भी किसी भी प्रतिस्पर्धा में पीछे नहीं होते इन्होंने भी अपने खेल अभिरुचियों का बेहतर प्रदर्शन किया और नौवीं कक्षा के खिलाड़ी इशांत ने अंडर-14 प्रतियोगिता में खेल कर बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता छात्रों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। सिकंदर दहिया का कहना हैं कि यह बच्चों के परिश्रम और मेहनत का ही परिणाम है कि अनेक स्कूलों में उन्होंने बिरला स्कूल के नाम को जीत हासिल कर स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवा दिया है उन्होंने विजेता छात्रों को फूल मालाएं पहनाई और उन्हें सम्मानित किया। निदेशक प्रवीण डागर ने बच्चों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि जिस तरह ब्लॉक लेवल में जीत कर छात्रों ने अपने विद्यालय की जान को चार चांद लगाए हैं इस तरह का प्रदर्शन उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं को जीतकर देना है। वही प्राचार्य दिनेश शर्मा ने कहा कि विजेता छात्रों को अपनी ब्लॉक लेवल की जीत को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी जारी रखना है इन विभिन्न प्रतियोगिताओं को जीतने के पश्चात बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

प्रबंधक कुलदीप दहिया ने कोच रविंद्र लखी, सिंघपाल शर्मा और नीरज कुमारी तथा बच्चों दोनों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को सदा विजयी रहने का आशीर्वाद दिया।

# हरियाणा के छोरे व छोरियां जाएंगे जर्मनी

● उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए जल्द ही उड़ान भरेंगे, दुष्यंत चौटाला ने दी शुभकामनाएं, शिक्षा बेहतर ढंग से लें और देश-प्रदेश के साथ ही अपने माँ-बाप का नाम गौरवान्वित करें

**उच्च शिक्षा**

**ये युवा नि:शुल्क पढ़ाई के साथ-साथ करीब 80 हजार रुपए प्रतिमाह प्राप्त भी करेंगे, 32 लड़के एवं लड़कियों को वीजा वितरित किया**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के करीब तीन दर्जन छोरें** व छोरियां जर्मनी में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए जल्द ही उड़ान भरेंगे। ये युवा नि:शुल्क पढ़ाई के साथ-साथ करीब 80 हजार रुपए प्रतिमाह प्राप्त भी करेंगे। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज चंडीगढ़ में अपने सरकारी आवास पर प्रदेश भर के 32 लड़के एवं लड़कियों को जर्मनी का वीजा वितरित किया। दुष्यंत चौटाला ने इस अवसर पर वीजा हासिल करने वाले युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबके माँ -बाप ने दिन रात मेहनत करके आपको अच्छी शिक्षा दिलवाई है, ऐसे में आप सबका फर्ज बनता है कि जर्मनी में पहुंचकर आगे की शिक्षा बेहतर ढंग से लें और देश-प्रदेश के साथ ही अपने माँ-बाप का नाम गौरवान्वित करें। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि पढाई के साथ-साथ काम करने से आपके परिवार पर भी आर्थिक बोझ नहीं बढ़ेगा और परिश्रम की भी आदत बनेगी। इस अवसर पर हिसार में स्थापित क्रॉस एंड क्लाईम्ब ग्लोबल एजुकेशन अकादमी के सीईओ रणविजय सिंह नरवाल, जिसकी अकादमी ने इन युवाओं का मार्गदर्शन किया है , ने जानकारी दी कि जर्मनी ने भारतीय युवाओं के लिए वीजा प्रक्रिया बहुत आसान कर दी है जिसके तहत ये युवा वहां पढाई व नौकरी कर सकते है।

## केंद्र से हरियाणा को मिला आठ नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा - डिप्टी सीएम

● ्रदेश सरकार इन दोनों ही मार्गों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्प : दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति का रास्ता सड़क मार्ग और रेल मार्ग से होकर गुजरता है और प्रदेश सरकार इन दोनों ही मार्गों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड (एनसीआरपीबी) की नई दिल्ली में हुई बैठक में हरियाणा को करीब 461 करोड़ रुपए के आठ नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा दिया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स से प्रदेश में विकास का पहिया और तेज गति से घुमेगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि दिल्ली में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट सेंक्शनिंग एंड मॉनिटरिंग ग्रुप-1 की 63वीं बैठक हुई है, जिसमें हरियाणा के लिए आठ नए प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति दी गई है, इन पर कुल 461.116 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। डिप्टी सीएम, जिनके पास पीडब्ल्यूडी विभाग का प्रभार भी है, ने नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए बताया कि इन आठ प्रोजेक्ट्स में चार बड़े राजमार्गों का मजबूतीकरण, दो नए फ्लाईओवर और 2 नए रेलवे ओवर ब्रिज शामिल हैं। दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि महम से कलानौर और आगे बेरी गांव तक सड़क को मजबूत किया जाएगा जिस पर लगभग 51.62 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह झज्जर से कोसली रोड के मजबूतीकरण पर 60.89 करोड़ रुपए, मेवात-पलवल रोड के सुधारीकरण पर 137.57 करोड़ रुपए और रोहतक-खरखौदा-दिल्ली बॉर्डर रोड के मजबूतीकरण पर 19.46 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी बताया कि रोहतक में ओल्ड एनएच-71ए पर सुखपुरा चौक पर नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिस पर 65.88 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी तरह, पानीपत में पानीपत-सफीदों-जींद-भिवानी रोड पर कैरियर लाइन्ड चैनल के साथ-साथ नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः कंवरपाल

**बैठक**

**कंवरपाल ने निगम जगाधरी सेनिटेशन ब्रांच के अधिकारियों और सुपरवाइर्ज की ली बैठक**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने जगाधरी में अधिकारियों को शहर में किए जा रहे सफाई कार्यों का समय-समय पर जायजा लेने के निर्देश देते हुए कहा सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कंवरपाल ने यह निर्देश जगाधरी अपने कार्यालय में जगाधरी नगर निगम के सेनिटेशन ब्रांच की बैठक के दौरान दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सेनिटेशन ब्रांच के अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर करने को लेकर चर्चा की। इस दौरान डोर टू डोर कूड़ा उठान, वार्ड में नियमित रूप से टिप्परों के आगमन, फॉगिंग, आवारा पशुओं, शहर के चौकों व सडकों के सौंदर्यकरण, नालों की सफाई व बाजारों की नियमित सफाई को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने सभी सुपरवाइर्ज व चालकों से वार्डो में किए जा रहे सफाई कार्यों की अपडेट ली और हर वार्ड की हर कॉलोनी से नियमित कचरा उठान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सुपरवाइजर अपने क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों की नियमित हाजरी दर्ज करें और अपने क्षेत्र को साफ व सुथरा बनाए। बाजारों व गलियों की बेहतर सफाई करें। अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित दौरा करें। कार्य में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करें। उन्होंने सेनिटेशन ब्रांच के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों की सभी कॉलोनियों में नियमित सफाई कराए। नालों व नालियों की सफाई के बाद निकले कचरे का उठान करें। डोर टू डोर कचरा उठान के हर कॉलोनी के हर घर से कचरा लेना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी इसमे लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों की जवाबदेही भी निश्चित की। उन्होंने कहा कि वो जल्द ही पूरे शहर का दौरा भी करेंगे और पूरी व्यवस्थाओं को चेक करेंगे। उस दौरान अगर खामियां पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता की समस्याओं को समझ कर जल्द से जल्द पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त की जाए।शहर स्वच्छ और सुंदर बने और जनता को साफ सुथरा माहौल मिले इस दिशा में प्रदेश सरकार बेहतर प्रयास कर रही है। नगर निगम भी इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को भी शहर सुंदर व स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। शहर को साफ व स्वच्छ रखना केवल सफाई कर्मचारियों का ही कर्तव्य नहीं, हमारा भी दायित्व है।

## सांसद नायब सैनी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**सांसद** नायब सिंह सैनी ने कहा कि सांसद निधि कोष से जारी राशि से जो विकास कार्य जिला में चल रहे हैं, उन्हें जल्द पूरा करें। विकास कार्य के लिए जितना पैसा घोषित होता है, उसी के अनुरूप संबंधित अधिकारी एस्टिमेट बनाएं, संबंधित कार्य में अगर कुछ और विकास कार्य करवाया जाना उचित है तो उसके अलग से एस्टिमेट तैयार करें, ताकि किए जाने वाले कार्य में कोई तकनीकी बाधा नहीं आए। विकास कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सांसद नायब सिंह सैनी लघु सचिवालय स्थित सभागार में सांसद निधि कोष के तहत विकास

## अंतरिक्ष में भारत ने रचा इतिहास, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा चंद्रयान -3

**बैठक**

**आज चांद हमारे और नजदीक आ गया, चांद पर तिरंगा फहरा रहा है : सीएम मनोहर लाल**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आज** चांद हमारे और नजदीक आ गया, आज चांद पर तिरंगा फहरा रहा है, जब भारत देश के चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग करके भारत की उपस्थिति चांद पर दर्ज कराई। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर अंतरिक्ष में यह इतिहास रचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। खुशी और कामयाबी के इस महान अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने देशवासियों व प्रदेशवासियों सहित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और वैज्ञानिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अपने संदेश में मनोहर लाल ने कहा कि वैज्ञानिकों के कौशल, बुद्धिमता और साहस के बल पर ही हम इस ऊंची उपलब्धि को हासिल कर सके हैं। यह उपलब्धि हमारी ही नहीं अपितु समूचे मानव समुदाय की चांद पर एक और छलांग है। वैज्ञानिकों की मेहनत, समर्पण और मेधा की सराहना करता हूं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।
मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने हर पल वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित किया है और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस मिशन मून में पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत के बल पर ही आज हम इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सफल हुए हैं। यह सफलता हमारे लिए अंतरिक्ष विज्ञान में नये अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, हमारा चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा है, इस महान पल का पूरे देशवासियों को इंतजार था। देश के साथ-साथ दुनिया की भी नजरें भारत के इस महत्वपूर्ण मिशन पर थी, जिसे पूरा कर भारत ने इतिहास रच दिया है।



हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज चंडीगढ़ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## आवास पर नहीं मिले विधायक सिहाग, वहीं धरने पर बैठ गए ग्रामीण



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार से तलवंडी राणा स्थाई रोड की कार्रवाई में तेजी लाने की मांग पर तलवंडी राणा बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर सैंकड़ों ग्रामीण उनके आवास पर ज्ञापन देने के लिए विधायक जोगीराम सिहाग के आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों को विधायक जोगीराम उनके आवास पर नहीं मिले तो ग्रामीण उनके घर पर ही धरने पर बैठ गए और सांकेतिक धरना दिया। अध्यक्ष ओपी कोहली ने बुधवार को धरने व प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए बताया कि जब विधायक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे किसी काम से बाहर आए हुए हैं। रोड की कार्रवाई पर उनकी पूरी नजर है और रोड की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। उन्होंने कहा कि वे इस काम को जल्द से जल्द करवाने के लिए प्रयासरत हैं। समिति अध्यक्ष के अनुसार विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है वे पहले भी ग्रामीणों के साथ थे और अब भी ग्रामीणों के साथ हैं। कोहली ने बताया कि विधायक से बात होने के बाद ग्रामीण पीडब्ल्यूडी बी एंड आर एसई हरपाल के कार्यालय में पहुंचे। वहां पर भी अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे जिसके बाद ग्रामीण कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। एसई हरपाल ग्रामीणों के आने की सूचना पाकर कार्यालय में आए तो समिति ने उन्हें रोड को जल्द से जल्द बनवाने का ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट ओपी कोहली ने एसई को बताया कि रोड की वन विभाग की फर्स्ट स्टेज की एनओसी को तो केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से एनओसी मिल गई है। अब प्रदेश सरकार को 66 लाख रुपये पेड़ों के अदा करने हैं और जमीन रोड के लिए ट्रांस्फर करवानी है।

## बीमा क्लेम व मुआवजाः किसानों ने कृषि मंत्री का घर घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश भर के किसान अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को उपायुक्त कार्यालय एकत्रित हुए। बकाया बीमा क्लेम, मुआवजा, बाढ सूखे के मुआवजे, नहरों में पानी व पर्याप्त बिजली व अन्य मांगो को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। वे कृषि मंत्री के आवास पर पहुंचे तथा कृषि मंत्री के आवास का घेराव किया। इस दौरान समय देने के बाद भी कृषि मंत्री निवास पर नहीं मिले तो किसानों का गुस्सा ओर भी बढ़ गया तथा उन्होंने वहां पर जमकर नारेबाजी की। बता दें कि भिवानी में कृषि मंत्री के आवास के पास पुलिस प्रशासन ने बड़े बैरिकेड लगा रखे थे। वहीं दो घंटे तक पुलिस और किसानों के बीच काफी तू तड़ाक व झडप हुई फिर एसडीएम बाबूलाल दीपक कारवा ने कृषि मंत्री से बातचीत के लिए एक सितंबर की तिथि तय करके किसानों का ज्ञापन लिया। इस दौरान किसानों ने नहरों में पर्याप्त पानी देने, गांव में पीने के पानी उपलब्ध कराने, बिजली कटौती बंद करने व लंबित पड़े ट्यूवैल कन्कशैन देने की मांग की। उन्होंने बताया कि मांग व मुद्दों को लेकर 24 अगस्त को दिल्ली में किसान मजदूरों की राष्ट्रीय कन्वेशन होगी।

## 'बाढ़ से बचाव की सफलता जिलावासियों के लिए युद्ध के जीत की तरह'

**पीठ थपथपाई**

**सरकार ने घग्घर नदी के चप्पे-चप्पे पर ट्रेक्टर-ट्रॉली, मशीनों सहित सभी जरुरी संसाधनों को लगाया**



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
कई बार जीवन में ऐसे क्षण भी आते हैं जब हमारे सामने रास्ते नहीं होते, ऐसे में हमें अपने रास्ते बनाने पड़ते हैं। घग्घर नदी में बाढ़ के दौरान भी कई ऐसे ही क्षण सामने आए। प्रशासन की तत्परता, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के सहयोग व आमजन की एकजुटता से बाढ़ से निपटने में सफल हुए। यह सफलता जिला वासियों के लिए युद्ध जीतने की भांति हैं। उक्त शब्द बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बुधवार को स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में घग्घर नदी में बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यों में प्रशंसनीय सहयोग देने वाले पंच-सरपंचों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कहे। बिजली मंत्री ने कहा कि बाढ़ जैसे हालात तो पहले भी सिरसा में हुए हैं, लेकिन इस बार बहुत अधिक पानी था। यह प्रशासन व लोगों के सहयोग का ही परिणाम रहा कि हम इनती बड़ी विपदा से निपटने में कामयाब रहे। वे स्वयं भी रात-दिन घग्घर नदी व प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर जायजा लेते रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ से बचाव को लेकर पूरी तरह से गंभीर थी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पल-पल की रिपोर्ट ले रहे थे और वे स्वयं भी मुख्यमंत्री से बातचीत करते रहे। मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से आश्वस्त किया हुआ था कि पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, जिस भी प्रकार की सहायता की जरूरत है वह तुरंत मुहैया करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जहां प्रशासन व सरकार ने घग्घर नदी के चप्पे-चप्पे पर ट्रेक्टर-ट्रॉली, जेसीपी, पोपलेन मशीनों सहित सभी जरुरी संसाधनों को लगाया।

पिछले 9 वर्षों में लोगों के जीवन को सरल, सुगम व सहज बनाया है, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन, स्वाभिमान पर फोकस करते हुए दिया है सुशासन

## दरख्वास्त, दस्तावेज, दफ्तर से जनता को दिलाई है निजात

**उपलब्धि**

**अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं, चाहे वह वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, राशन कार्ड या जाति प्रमाण पत्र बनवाना हो**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भले ही कोई माने या न माने परंतु हरियाणा के आम लोगों को जुबान पर यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आम जनता को दरख्वास्त, दस्तावेज, दफ्तर से निजात दिलाई है। व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से पिछले 9 वर्षों में लोगों के जीवन को सरल, सुगम व सहज बनाया है। अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं, चाहे वह वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, राशन कार्ड या जाति प्रमाण पत्र बनवाना हो।
पिछले तीन महीनों में हुए मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान लोगों ने इस कार्य पर मोहर लगाई है। 2 अप्रैल, 2023 से भिवानी जिले के खरक कलां गांव से आरंभ हुए जनसंवाद कार्यक्रम के सात दौर पूरे हो सके हैं और इस दौरान मुख्यमंत्री 60 से अधिक बड़े गांवों में जनसंवाद कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने तय किया है कि कम से कम 300 बड़े गांवों में जनसंवाद करेंगे और इस दौरान मुख्यमंत्री स्वयं गांव वालों से पूछते हैं कि पिछले 9 वर्षों में सरकार का कोई भी एक कार्य बताओ जो आप लोगों को सबसे ज्यादा पसंद आया हो? तो लोग भी कहते हैं कि दफ्तरों के चक्कर काटने से आप ने छुटकारा दिला दिया है। अब बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य सभी योजनाओं का लाभ अपने आप मिलना शुरू हो गया है, अब न तो सरपंच, लंबरदार, बीडीओ या किसी सरकारी बाबू के पास गिड़गिड़ाने की जरूरत नहीं पड़ती। अध्यापक स्थानांतरण नीति की शुरूआत तो आपने सोने पे सुहागे के साथ ऐसी कर दी कि अब मास्टर जी को स्कूल में ही रहना पड़ता है और ट्रांसफर के लिए किसी धौलकपड़िये को पकड़ कर चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं, जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में नाम शामिल कराने तथा परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए मंच के एक ओर एडीसी कार्यालय द्वारा विशेष काउंटर लगाए जाते हैं।

## हिसार सहित प्रदेश के छह जिलों में अभी भी सामान्य से कम बरसात

**उत्सव**

**सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन ने ब्यूरो की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**भारी** उमस व गर्मी के बीच जिले में बुधवार को मौसम में परिवर्तन हुआ। इसके चलते हवाएं चलने व बादलवाई की वजह से वातावरण में कुछ ठंडक महसूस की गई और उमस से राहत मिली। विशेषज्ञों ने मौसम में परिवर्तन व कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। पिछले काफी दिनों से गर्मी व उमस के चलते लोगों का हाल-बेहाल था। उमस भरी गर्मी के कारण दैनिक कार्यों पर भी विपरीत असर पड़ रहा था। हालांकि चार दिन पूर्व अचानक हुए परिवर्तन के चलते कुछ बूंदाबांदी हुई लेकिन उसके तुरंत बाद मौसम उमस में बदल गया। मंगलवार रात से अचानक मौसम में फिर परिवर्तन आया और बादलवाई के साथ धीमी गति से हवाएं चलने लगी। हालांकि कुछ स्थानों पर मंगलवार रात को मामूली बूंदाबांदी भी हुई लेकिन ये इतनी नहीं कि मौसम में ठंडक घोल सके लेकिन दिनभर धीमी गति से हवाएं चलने व बादल छाए रहने से मौसम में कुछ ठंडक रही और तापमान में गिरावट रही। लोगों ने बदलते मौसम के कारण उमस व गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि विशेषज्ञों ने भी मौसम परिवर्तन की संभावना जताई है और उनके पूर्वानुमान के अनुसार ये परिवर्तन दिखाई दे रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून टर्फ.की अक्षय रेखा का पश्चिमी छोर अब भी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर हिमालय की तलहटियों की तरफ बना हुआ है। मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर नीचे आने तथा उत्तर प्रदेश पर एक कम

## न्यूज फ्लैश

### 2 किलोग्राम 910 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित महिला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए टू** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी कमलेश पत्नी स्व टीटू वासी इंद्री को बायपास रोड इंद्री से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलोग्राम 910 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह इंद्री के ही एक अनजान लडके से गांजा फूल पत्ती खरीदकर लाई थी और वह इसको छोटी-छोटी मात्रा में चलते-फिरते नशा करने वाले व्यक्तियों को बेचती है। आरोपी महिला को आज न्यायालय में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। जिस व्यक्ति से आरोपी गांजा फूल पत्ती खरीदकर लाई थी, उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'डेंगू से बचाव के लिए सावधानी बरतें'

## आम जनता को मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों बारे किया जा रहा है जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश यादव** ने जिला के नागरिकों से गर्मी के मौसम में डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। डेंगू से बचाव लिए सतर्कता व जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। डीसी ने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को पानी की टंकी तथा घरों के पानी के बर्तनों को ढक कर रखने, दिन में मच्छरों के काटने से बचाव को लेकर व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी जा रही है।



**हर संडे मनाएं ड्राई डे : डीसी**
डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे प्रत्येक रविवार को अपने घर में ड्राई डे के तौर पर मनाएं व सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमलों इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे व लार्वा मर जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि डेंगू रोकने के लिए घरों के आस-पास गड्ढे को मिट्टी से भरवा दें, पूरी बाजू के वस्त्र पहने, मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें। कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें, छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें, बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में खून की जांच करवाएं। चिकित्सक की सलाह से ही दवा लें, स्वयं से दवा का सेवन न करें।

**डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय : सीएमओ:** सीएमओ विनोद कमल ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिससे बचाव जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं।
उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर बिना समय गंवाए डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर जांच के बाद जैसा परामर्श दें उसके अनुसार अपना इलाज करवाएं। डेंगू होने की स्थिति में सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

## फ्लावर वैंडर्स भाजपा सरकार से निराश : जयभगवान कश्यप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फ्लावर** वैंडर्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक मानव सेवा संघ में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष जयभगवान कश्यप ने की। बैठक में फ्लावर वैंडर्स ने सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए जयभगवान कश्यप ने कहा कि सरकार ने तीन साल पहले करनाल में फ्लावर मंडी बनाने की घोषणा की थी, जिस पर अभी तक अमल नहीं हुआ हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में लगभग पांच सौ फ्लावर वैंडर्स हैं। यहां पर उनके लिए कोई जगह नहीं है। करनाल में फ्लावर मंडी की लंबे समय से मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह भाजपा सरकार का विरोध करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि वह शुरू से भाजपा के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने चुनाव में भाजपा का साथ दिया, लेकिन भाजपा सरकार उनकी रोजी रोटी उजाडने.पर लगी हुई है।

## मोटरसाइकिल चोरी करने वाला काबू, बाईक की गई बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्पेशल स्टाफ** असंध यूनिट की टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। स्पेशल स्टाफ असंध यूनिट की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरजीत सिंह पुत्र लक्खा सिंह वासी फैजपुर खेड़ा असंध को जींद चौक असंध से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता अंकुर गर्ग वासी असंध की मोटरसाइकिल 20 अगस्त को उसकी दुकान कबर चौक असंध से चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना असंध में मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी नशा करने का आदी है।

## विभिन्न राज्यों के युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एग्री क्लीनिक** एवं एग्री बिजनेस सेंटर योजना के अंतर्गत आधुनिक डेयरी प्रबंधन विषय पर बुधवार को सेक्टर 12 स्थित जाट भवन के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व पंजाब राज्यों से करीब 50 युवा इस रिफ्रेशर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. हैरी डेयरी एंड अलाइड कंसलटेंसी सर्विसेज करनाल हैं।
राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. एसएस लठवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी प्रबंधन से



संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस व्यवसाय में उन्नत नस्ल के पशुओं का चयन, वैज्ञानिक तरीके से डेयरी प्रबंधन, शुद्ध दुग्ध उत्पादन और दूध की मार्केटिंग स्वयं करने जैसे बिंदु बहुत अहम हैं। पशुशाला का कुल खर्च निकालने के बाद प्रति लीटर दूध पर पशुपालक को कम से कम 10 रुपये बचने ही चाहिएं। पशुशाला में कार्य करने वाले श्रमिक भी प्रशिक्षित होने चाहिएं, क्योंकि इस समय डेयरी में दूध दोहने वाले कर्मियों की कमी महसूस की जाती है।
मुख्य अतिथि के रूप में आए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमेंट हैदराबाद के सलाहकार महेश माने ने विषय से संबंधित विचार रख व्यवसाय को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। एनडीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. केपीएस तोमर, डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, जय बजरंग प्रतिष्ठान उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी डॉ. जयकुमार श्योराण, कोर्स निदेशक डॉ. हरीराम गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक सतीश कांबोज ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।

## योग गुरू दिनेश को मातृ शोक, 2 सितंबर को श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में होगी रस्म क्रिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी की माता जी श्रीमती शन्नो देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री श्याम दास गुलाटी का आकस्मिक निधन 21 अगस्त को करनाल में हो गया है। उनकी आयु 78 वर्ष की थी। माता जी की घर में अचानक तबीयत खराब हुई थी, जिसके बाद उनका देहांत हो गया। माता जी धार्मिक प्रवृत्ति की होने के साथ-साथ सामाजिक तौर पर सक्रिय और समाज सेवा के कार्यों में आगे रहती थी। ईश्वर की आराधना के साथ-साथ सेवा सुमिरन को ही परम धर्म माना करती थी। उनके दोनों पुत्र आरके ज्वैलर्स के संचालक राकेश गुलाटी व दिनेश गुलाटी अपने माता-पिता के दिखाए सत मार्ग पर ही चलकर समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। वहीं छोटे बेटे दिनेश गुलाटी ने योग की दुनिया में अलग मुकाम बनाया है, वह 18 वर्ष से योग कक्षाएं चलाकर लाखो लोगों को स्वस्थ कर चुके हैं और उनका मिशन अब स्वस्थ भारत बनकर पूरे देश को स्वस्थ करने का है।
माता जी की रस्म क्रिया 2 सितंबर शनिवार को श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में होगी। दिनेश गुलाटी के पिता श्री शाम दास गुलाटी प्रसिद्ध समाजसेवी थे।
27 अगस्त 2012 को बड़ी एकादशी के दिन उनकी दिव्य आत्मा परमात्मा में विलीन हुई थी और उनके सात्विक और सत्कर्म कभी ना भूलने वाले हैं।

## करनाल में मिले डेंगू के 4 नए पॉजिटिव केस : सिविल सर्जन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल** सर्जन डॉ.विनोद कमल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है।
उन्होंने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि बुधवार को जिला में डेंगू के 4 केस मिले हैं तथा जिला में अब तक 45 डेंगू के केस मिले हैं।

## अवैध विज्ञापनों पर नगर निगम की सख्ती, 9 फर्मों को नोटिस जारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अवैध विज्ञापनों** को हटाने के लिए नगर निगम सख्ती कर रहा है। इसे लेकर एन्फोर्समेंट टीम अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापनों को हटाने में लगी है। बिना अनुमति लिए विज्ञापन प्रदर्शित करने वाली 9 फर्मों को नोटिस भी सर्व किए जा रहे हैं, पालना न करने पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में निजी फर्म/कम्पनियों द्वारा विज्ञापन लगाने के लिए सरकार की ओर से एक पॉलिसी बनाकर विज्ञापन के रेट तय किए गए हैं। जबकि सम्बंधित नगर निगम या पालिका की ओर से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए अलग-अलग व उपयुक्त साईट निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम करनाल एरिया में कुल 116 साईट चिन्हित कर पोर्टल पर ओपन की गई थी। इनमें से 12 साईट की कुछ दिन पहले और बीती 18 अगस्त को 11 साईट की ऑनलाईन बोली करवाई गई। सफल बोलीदाता को कुल विज्ञापन खर्च की राशि त्रैमासिक रूप में जमा करवाने का नियम है। इसके तहत 18 अगस्त को की गई बोली के करीब 16 लाख रुपये सम्बंधित फर्म जमा करवाएगी। इसके बाद ही उसे विज्ञापन लगाने की ईजाजत दी जाएगी। विज्ञापन साईट लेने के



लिए ऑनलाईन करें आवेदन- उन्होंने बताया कि कोई भी पार्टी या फर्म अपनी पसंद की विज्ञापन साईट लेने के लिए ह्वद्यड्ड.श्चह्मशद्वद्गष्ह्ल२४७.द्बठ्ठ पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकती है। इसके बाद ऑक्शन होती है। ऑक्शन में भाग लेने के लिए सम्बंधित फर्म की ओर से ई.एम.डी. जमा करवाए जाने का प्रावधान है। ज्यादा बोली देने वाली फर्म को ही साईट अलॉट की जाती है। साईट के हिसाब से ही रेट तय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बची हुई 93 साईट को जल्द ही ओपन किया जाएगा, ताकि इच्छुक पार्टियां उन पर आवेदन कर सकें।
बिना अनुमति विज्ञापन प्रदर्शित करने वालों पर लगेगा 3 गुणा जुमार्ना- निगमायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से विज्ञापन पॉलिसी बनाने के बाद कोई भी व्यक्ति अपनी कम्पनी या एजेंसी के प्रोडक्ट को निगम की अनुमति के बिना शहर में विज्ञापन की शक्ल

## नाटक सीखने की आनंददायी खेल विधा: सदानंद वत्स

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा विद्यालय** शिक्षा विभाग व पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के भारतीय रंगमंच विभाग के संयुक्त तत्वावधान में करनाल के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 42 विद्यार्थी और छह अध्यापक हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार को कार्यशाला के चौथे दिन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सदानंद वत्स और उप जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने कार्यशाला की गतिविधियों



का निरीक्षण किया। डीईईओ सदानंद वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नाटक एक आनंददायी खेल विधा है, जिसमें शिरकत करने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि नाट्य कार्यशाला में हिस्सा ले रहे बच्चों को इसके बहुत से फायदे होंगे। उनमें आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के कौशल का विकास होगा। डिप्टी डीईओ सुदेश ठुकराल ने कहा कि आयोजित की जा रही कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय के रंगमंच विभाग के कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को विभिन्न कलाओं में पारंगत किया जा रहा है। कार्यशाला के नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि 20 अगस्त को शुरू हुई कार्यशाला 29 अगस्त को सम्पन्न होगी। समापन समारोह में कार्यशाला में सीखे गए कौशलों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। भारतीय रंगमंच विभाग से आए प्रशिक्षक कपिल मेहरवाल व राजेश कुमार ने विद्यार्थियों की ज्ञानेन्द्रियों की संवेदशनशीलता के विकास के अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई।

## 760 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए यूनिट** असंध टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शमशेर सिंह उर्फ श्याम पुत्र श्री राम सिंह वासी खेड़ी सर्फअली को ढोल चौक असंध से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 760 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में थाना असंध में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा फूल पत्ती को पानीपत से एक अनजान ट्रक ड्राइवर से लेकर आता है, जिसको वह छोटी-छोटी मात्रा में बेच देता



है। वह खुद भी गांजा फूल पत्ती के नशे का सेवन करता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया और आरोपी जिससे गांजा फूल पत्ती खरीद कर लाया है, उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 'नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए लगाए कैंप'

## युवाओं का मतदाता पंजीकरण करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में लगाएं कैंप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने कहा कि नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए जिला निर्वाचन विभाग को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कैप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल व कॉलेजों में 18 साल की आयु वाले युवाओं का मतदाता पंजीकरण करने पर भी जोर दिया। इस संबंध में बुधवार को उन्होंने जिला सचिवालय के सभागार में निर्वाचन विभाग व सभी एसडीएम की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा



मतदाताओं को जोडना चाहिए। ऐसे में 18 साल की आयु वाले युवाओं को मतदाता पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
इसके लिए जिले के सभी कॉलेजों व स्कूलों में कैंप लगाने चाहिए और वहां पढने वाले पात्र युवाओं का मतदाता पंजीकरण करना चाहिए, ताकि वे आगामी चुनावों में अपने मतदान का प्रयोग कर सकें।

**महिलाओं को मतदाता पंजीकरण के लिए किया जाए प्रोत्साहित:** डीसी अनीश यादव ने कहा कि निर्वाचन विभाग को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को भी मतदाता पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त ट्रांसजेंडर को भी मतदाता पंजीकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएं।

**जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी, उनके नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाएं:** डीसी ने कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाएं। इसके अतिरिक्त जो लोग अपना नाम एक जगह से कटवाकर दूसरी जगह जुड़वाना चाहते हैं, उसके लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी नियम की अनुपालना की जाए।

## संपादकीय

# अब कर्नाटक में कांग्रेस का ऑपरेशन पंजा का आगाज

**भाजपा** जीते बगैर सत्ता हथियाने में माहिर हैं। उसके लिए वह स्पेशल टीम लगाती है ;जो 60% राज्यों में कामयाब रही हैं 'ऑपरेशन लोटस' भाजपा की उस स्ट्रैटजी के लिए गढ़ा गया शब्द है, जिसमें सीटें पूरी न होने के बावजूद पार्टी सरकार बनाने की कोशिश करती है। पिछले 6 साल के दौरान 7 राज्यों में भाजपा ने ऑपरेशन लोटस चलाया। इसमें से 5 बार भाजपा को सफलता मिली है, जबकि 2 बार मात खानी पड़ी। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा , अरुणाचल में भाजपा पास हुई तो राजस्थान , उत्तराखंड में उसे फेल होना पड़ा था।

अभी ऑपरेशन की सबसे बड़ी हलचल कर्नाटक में चल रही है जहाँ भाजपा ने यह ऑपरेशन कमल शुरू किया था। 2017 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली, लेकिन फ्लोर टेस्ट पास नहीं कर पाए। सरकार गिर गई।इसके बाद कांग्रेस के 80 और जे .डी.एस . के 37 विधायकों ने मिलकर सरकार बना ली। 2 साल भी पूरे नहीं हुए थे कि पॉलिटिकल क्राइसिस शुरू हो गई। जुलाई 2019 में कांग्रेस के 12 और जे .डी. एस . के 3 विधायक बागी हो गए।कांग्रेस-जे .डी.एस . सरकार के पास 101 सीटें बचीं। वहीं भाजपा की 105 सीटें बरकरार रहीं। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और वहां से फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया गया। सरकार फ्लोर टेस्ट में फेल हो गई और मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने इस्तीफा दे दिया।

इस समय 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के सियासी गलियारों में 'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि इस समय कांग्रेस भाजपा और जेडीएस को तोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का ये भी मानना है कि ये 2019 के ऑपरेशन लोटस का बदला है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की रणनीति 'ऑपरेशन पंजा' के तहत 3 से 4 चरणों में भाजपा -जेडीएस विधायकों को तोड़ने की है। एक न्यूज एजेंसी ने कर्नाटक कांग्रेस सूत्रों के हवाले से बताया है कि जल्द ही 15 विपक्षी विधायकों को पार्टी में शामिल किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विधायकों से संपर्क किया जा चुका है और उनके पदों को लेकर आगे की चर्चा चल रही है। इस पर मुहर लगते ही विधायकों को कांग्रेस में शामिल कर लिया जाएगा।'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस बोम्मई ने दावा किया कि कोई भी भाजपा विधायक कांग्रेस में शामिल नहीं होगा। कर्नाटक के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि ऑपरेशन पांजा को ऑपरेशन लोटस की तर्ज पर लागू किया जाएगा। इसके तहत कांग्रेस उन विपक्षी विधायकों को तोड़ने की रणनीति बना रही है जो कभी कांग्रेस में थे। इसके अलावा कांग्रेस की नजर पुराने मैसूर, बेलगावी, बीदर और तटीय कर्नाटक के मजबूत भाजपा नेताओं पर है। इन नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस 2024 में भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति तैयार कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2024 में लोकसभा की 20 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

# राजस्थान में जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस

रमेश सर्राफ धमोरा

> "प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं"

**राजस्थान** में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं।

जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे।

जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं। गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।



जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा। कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था। सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई। विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथ्मिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो।

बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी पर भी तंज कसते हुये कहा कि आपको पार्टी ने दो बार मौके दिया जीते नहीं तो पार्टी ने राज्यसभा सांसद बना दिया। कम से कम अब तो एक विधानसभा सीट जितवाने की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए। चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें।

भाजपा द्वारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।

## कविता

खुद को तलाशता
मैं?
मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर
दिया
या पानी ने अपनी
धाराओं में
विलोपित कर दिया
मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं
आता
अपने अतीत में अपने
को खोजता
पीछे की ओर नजरें
दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने
वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि
से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा
मैं
शून्य होकर रह
गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों
में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से
तलाशता,
सूखे पत्तों सा
फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की
तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने
दिया
मुक्ति का संदेश,
नवयुग की ओर जाने
का
मार्ग,
सच, नवजात नन्हा ही
आज और आने वाले
कल का
सच्चा पथ प्रदर्शक है,
ईश्वर की मानिंद।

संजीव ठाकुर

## ममता की ये सरिता, कल कल शीतल ही बहने दो

**हर** साल की भांति इस वर्ष भी 26 अगस्त को हम सभी 'वुमेन इक्वैलिटी डे' यानी कि 'महिला समानता दिवस' मनाने जा रहे हैं। नारी के बारे में किसी ने क्या खूब कहा है कि -'नारी ही सारी है, सारी ही नारी है। नारी में ही सारी है और सारी में ही नारी है।' छब्बीस अगस्त को हम महिला समानता दिवस मना रहे हैं। वास्तव में, यह दिवस लोगों को महिलाओं को समानता(इक्वैलिटी) का दर्जा दिलाने के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाने और समाज में उनकी स्थिति को मजबूत या सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर साल महिला समानता दिवस मनाया जाता है। आज भी नारी को समाज में वह स्थान प्राप्त नहीं है जो कि वास्तव में उसे होना चाहिए। तभी शायद किसी कवि को यह लिखना पड़ा कि -'नारी सशक्तिकरण के नारों से गूंज उठी है वसुंधरा, संगोष्ठी, परिचचाएँ सुन-सुन, अंतर्मन ये पूछ पड़ा।वेद, पुराण, ग्रंथ सभी, नारी की महिमा दोहराते, कोख में कन्या आ जाए, क्यूं उसकी हत्या करवाते?
कूड़े, करकट के ढेरों में, कुत्तों के मुंह से नुचवाते, बेटे की आस में प्रतिवर्ष, बेटियां घरों में जनवाते।............सरस्वती, लक्ष्मी, शीतला, नारी दुर्गा भी बन जाए, मनमोहिनी, गणगौर सी, काली का रूप भी दिखलाए।शक्ति को ना ललकारो, इसको नारी ही रहने दो, करुणा, ममता की सरिता ये, कल-कल शीतल ही बहने दो।' वास्तव में, इस दिन(महिला समानता दिवस) को मनाने की शुरूआत तब हुई थी जब एक देश विशेष में महिलाओं को मतदान यानी कि वोट देने का अधिकार तक नहीं था। यह ठीक है आज भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लैंगिक समानता लाने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार दिए जा रहे हैं लेकिन हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर आज भी अनेक प्रकार की असमानताएं देखने, सुनने को मिलती हैं और सच तो यह है कि महिलाओं को कहने को भले ही पुरूषों के समान अधिकारों की हम बात करतें हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं के प्रति कहीं न कहीं दोहरी मानसिकता होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो हम यह बात कह सकते हैं कि समाज में आज भी महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं मिलते हैं। हालांकि यह बात अलग है कि आज भारत समेत दुनियाभर में महिलाओं को समान अधिकार और स्थान दिलाए जाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अमेरिका में महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था।
इतना ही नहीं विवाहित महिलाओं ने संपत्ति के अधिकार की मांग भी शुरू कर दी थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि
महिला समानता दिवस( वुमेन इक्वैलिटी डे।

## विचार

# जीवन की आपाधापी में क्या जी रहे हैं हम?

**प्रियंका सौरभ**

**आज** के अशांत युग में शांति परमावश्यक है। कल कारखानों के शोर, यातायात के साधनों का शोर, जीवन की आपाधापी आज बाहरी तथा भीतरी अशांति को जन्म दे रही है। इसके कारण तनाव, डिप्रेशन का जन्म हो रहा है। प्रकृति की हरियाली व शांत प्राकृतिक दृश्यों की कमी लोग अनुभव करने लगे हैं। नगरों से दूर लोग ग्रामीण शांत वातावरण में रहना पसंद करने लगे हैं। यह मनःस्थिति शांति की उपयोगिता को प्रदर्शित करती है। आज हम जिस समय में रह रहे हैं वह अनेक तरह से विलक्षण है। देखा जाए तो हर समय अनूठा होता है। लेकिन आज का दौर विशेष तौर पर आपाधापी, जीवन संघर्ष, कटुताओं, वैचारिक संकीर्णताओं, निराशा, हताशा जैसे अवसादों से भरा है। आज के इस आपाधापी भरे जीवन में अपना अस्तित्व बनाए रखना और अपनी जमीन पर खड़े रहना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। समय के साथ बढ़ती हमारी अपेक्षाएं और आकांक्षाएं व जरूरतें हमें दिन-रात परेशान करती रहती है। जो है वह खूबसूरत है हमने कब ये सोचा? सादगी की अवधारणाएं अब कहीं कूड़े में जा चुकी है। हमारी जितनी जरूरत है उतना हमारे पास हैं फिर भी हम संतुष्टि भरा जीवन नहो जी पा रहे हैं और यह असंतोष ही हमें लगातार भागने के लिए विवश करता है। हमें यह कतई सहन नहीं होता कि कोई हमसे आगे निकल जाए और इस दौड़ में हम उस सुख को जीना भूल जाते हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है। यही कारण है कि हमारा तनाव बढ़ता है और रक्तचाप उच्च स्तर पर जाता है। जीवन की आपाधापी में हमें कुछ देर कहीं बैठकर सोचने का वक्त ही नहीं मिला कि क्या सही है और क्या गलत? जब हम अपने युवा जीवन की शुरूआत करते हैं तो, हमारा मन सबकुछ पाने को लालायित रहता है। हमें पैसे के साथ साथ नाम कमाने की भी चाह होती है। ये चाहत काफी हद तक सही भी है। पर, इसके चक्कर में परिवार और अपनी खुशियों को अहमियत न देना गलत है। अपनी जिम्मेदारियों और अपनी खुशियों के साथ समझौता किसी भी हाल में सही नहीं हो सकता। जीवन में आपका पैसा और नाम कमाना या कामयाब इंसान बनना जितना जरुरी है उतना ही जरुरी छोटी छोटी खुशियों को महसूस करना भी है। अगर आप इन पलों को भूलकर बस आगे बढ़ने में लगे हैं तो आपको एक दिन इस बात का दुःख जरूर होगा की मैंने क्या कुछ खोया थोड़ा सा पाने के चक्कर में? जिन स्थितियों से तनाव उत्पन्न होता है उनसे अशांति मिलती है । आधुनिक शोधों से ज्ञात होता है कि लगभग पचहत्तर प्रतिशत रोगों का कारण तनाव होता है। आज हम बिना ठहरे बस भागते जा रहे हैं, भागते जा रहे हैं। और यही कारण है कि हमारे जीवन में एक दौर ऐसा आता है जब हम निराश और उदास लोगों से गिर जाते हैं। हमें लगता है कि कोई भी अपनी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट नहीं है। आज जो हमें मिला है वह अपर्याप्त है। क्या कभी हम दूसरे कोण पर भागती हमारी जिंदगी का पहले कोण से मुआयना कर पाएंगे। अब सोचिए।।। क्या हमारे जीवन में उदासी और अवसाद का यह दौर ऐसे ही चलता रहेगा? क्या हमारे जीवन में कभी सकारात्मकता नहीं आएगी? यहां सकारात्मक होने का मतलब यह नहीं है कि जो गलत है उसे हम बेवजह सकारात्मकता के लिफाफे में लपेटकर स्वीकार करें। गलत को गलत ही कहा जाना चाहिए और उसका विरोध भी होना चाहिए। लेकिन हमें अनावश्यक नकारात्मकता से बचना चाहिए। मैं आज के समाज में और विशेष रूप से सोशल मीडिया के इस युग में देखती हूं कि हम चीजों को बिना जाने, बिना मामले की तह में पहुंचे किसी की आलोचना, निंदा करने और घटिया शब्दों का प्रयोग करने से भी नहीं बाज आते। क्या यह आपके नजरिए से सही है? अगर हम तुरंत किसी बात का जवाब न दे तो क्या दुनिया लुट जाएगी? क्या हम थोड़ी देर सोच विचार कर, पूरी घटना को समझ कर, अच्छे और सभ्य तरीके से शालीनता से किसी बात का जवाब नहीं दे सकते। इतनी जल्दबाजी आखिर क्यों? सोशल मीडिया की शुरूआत हमारी घटती जा रही सामाजिकता की क्षतिपूर्ति के लिए हुई होगी। क्योंकि आज हम गांव में बरगद और पीपल तले चौपाल नहीं देख पा रहे। कारण यही की आज की दुनिया बहुत बदल गई है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अपने लेखन कौशल को कैसे बेहतर बनाए

**विजय गर्ग**

**अकादमिक** सफलता के लिए मजबूत लेखन कौशल महत्वपूर्ण हैं। चाहे आप छात्र हों, शोधकर्ता हों या पेशेवर हों, प्रभावी लेखन विचारों को स्पष्ट और प्रेरक ढंग से संप्रेषित करने की आपकी क्षमता को बढ़ाता है।

**व्यापक और नियमित रूप से पढ़े**

विविध शैलियों, विषयों और लेखन शैलियों की खोज करके अपने पढ़ने के क्षितिज का विस्तार करें। बार-बार पढ़ना आपको विभिन्न लेखन तकनीकों, शब्दावली और वाक्य संरचनाओं से अवगत कराता है, जो आपके लेखन को प्रेरित और सूचित कर सकता है।

**व्याकरण और विराम चिह्न में महारत हासिल करें**

स्पष्ट और सुसंगत लेखन के लिए व्याकरण और विराम चिह्न की ठोस समझ आवश्यक है। अपने लेखन की गुणवत्ता और स्पष्टता बढ़ाने के लिए बुनियादी व्याकरण नियमों पर ध्यान दें, उचित अल्पविराम का उपयोग सीखें और वाक्य संरचना से खुद को परिचित करें।

**नियमित रूप से लिखने का अभ्यास करें:** लेखन एक ऐसा कौशल है जो अभ्यास के साथ बेहतर होता जाता है। लेखन अभ्यास, जर्नलिंग या ब्लॉगिंग के लिए नियमित समय समर्पित करें। अपने आप को विभिन्न विषयों पर लिखने की चुनौती दें, विभिन्न लेखन शैलियों के साथ प्रयोग करें और अपनी लेखन क्षमताओं को निखारने के लिए फीडबैक लें।

**शैक्षणिक लेखन दिशानिर्देशों का अध्ययन करें**

अकादमिक लेखन की विशिष्ट आवश्यकताओं और परंपराओं से खुद को परिचित करें। उचित उद्धरण और संदर्भ तकनीकों सहित निबंधों, शोध पत्रों और रिपोर्टों की संरचना को समझें।

**मजबूत थीसिस कथन विकसित करें:** एक अच्छी तरह से तैयार की गई थीसिस कथन आपके लेखन के लिए स्वर और दिशा निर्धारित करता है। स्पष्ट और संक्षिप्त थीसिस कथन तैयार करने का अभ्यास करें जो आपके मुख्य तर्क या शोध उद्देश्य को प्रभावी ढंग से व्यक्त करते हैं।

अपने दावों को मजबूत करने के लिए अपने लेखन के दौरान साक्ष्य और समर्थन प्रदान करना याद रखें।

## नजर-नजर का फेर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं** छह महीने पहले तक शादी-शुदा थी। अब विधवा हूँ। न जाने यह समाज क्यों विधवा को कटी पतंग की तरह लूटने के लिए लालायित रहता है। पति निकम्मा ही सही हवस के भूखों से बचाए रखने का लायसेंस होता है। मंगलसूत्र, सिंदूर, बिछुए मुझे यह याद दिलाते हैं कि मैं किसी के साथ बंधी हूँ। इसके न होने पर हर कोई मुझे यूज करने के बारे में सोचता है। पति के मरने के छह महीने तक मैं घर में ही पड़ी रही। कभी मेरी बहन तो कभी भाई और कभी पिता मेरे साथ रहते और मुझे इस दुख से उबारने का साहस देते। यह दुनिया काम करने वालों को कभी फुर्सत नहीं देती। और जिनको फुर्सत देती है उनको काम नहीं देती। सो सभी मुझे छोड़कर अपने-अपने घर चले गए। अब मैं अकेली, सास-ससुर के साथ रहती हूँ। घर का पूरा काम मुझे ही संभालना पड़ता है। यहाँ पुरुष के लिए घूमने-फिरने के लिए चौबीस घंटे होते हैं, लेकिन स्त्रियों के लिए निश्चित समय होता है। शाम छह बजे से पहले लौट आने वाली स्त्रियाँ लोगों की नजर में चरित्रवान और अंधेरे में आने वाली पहले कानाफूसी और बाद में चरित्रहीनता का शिकार होती हैं। रात आठ बजे सामान लाने के लिए किराना की दुकान पर क्या गई भाभी कहने वाले लोगों की आँखों में कुछ और ही नजर आ रही थी। विधवा मतलब सजने-धजने, खूबसूरत कपड़े पहनने, मेहंदी लगाने, लिपस्टिक, पाउडर, काजल से दूर रहने का फरमान है। इस फरमान का कड़ाई से पालन करने पर भी मैं अपने ही कुछ अवयवों से हारी हूँ। ये अवयव एक समय खूबसूरती का कारक बनते हैं तो एक समय जीना दुश्वार कर देने वाले घातक शूल। दुकान पर जाने पर दुकानदार मुझे जानबूझकर रोकने के लिए सामान देरी से देने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहा है।

मौका मिलते ही मुझे आँख मार रहा है। वह मुझे ऊपर से नीचे तक बार-बार घूर रहा है। मैं चाहती तो दुकान बदल सकती हूँ, लेकिन लोगों की नीयत बदलने की मेरे पास तरकीब नहीं है। सामान थमाते हुए उसने मेरे हाथ मिस दिए।

सड़क पर शराब की दुकान भी होती है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली उपायुक्तों की बैठक

## बिना वोट के न छूटे प्रदेश को कोई भी 18 वर्ष या उससे अधिका आयु का युवा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मतदाता सूचियों** के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा को लेकर हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने विडियों कांफ्रेंस के जरिए प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों/उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश का कोई में ऐसा युवा बिना वोट के न छूटे, जिसकी आयु 18 वर्ष पूरी हो गई है। इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों में युवाओं को वोट बनवाने के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप आयोजित करवाएं ताकि हमारे 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक युवा की वोट बनाई जा सके। विडियों कांफ्रेंस में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार चण्डीगढ में मुख्य



निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के साथ मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने निर्देश दिए कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए भी जागरूक करें ताकि हमारा प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग करें ताकि भारत का लोकतंत्र और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में पुरूषों के मुकाबले महिलाएं कम मतदान कर रही हैं वहां पर विशेष जागरूकता कैंप आयोजित करवाए जाएं ताकि इन कैंपों की सहायता से युवा व महिला मतदाताओं को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया जा सके।

**वोट का महत्व**

**जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों में युवाओं को वोट बनवाने के प्रति जागरूक करें**

विडियों कांफ्रेंस के उपरांत एसडीएम डॉ० निर्मल नागर ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं संबंधित अधिकारी इन निदेर्शों का पूरी ईमानदारी के साथ पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा किए जा रहे डोर-टू-डोर सर्वे में बीएलओ इस बात का विशेष ध्यान दे कि सर्वे के दौरान प्रत्येक घर को कवर करें और नोट करें कि उस घर में कितने मतदाता है और ऐसा कोई मतदाता तो नहीं है जो कहीं और जाकर रहने लगा है या किसी मतदाता की मौत हो गई है। उसका पूरा विवरण दर्ज करें ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरी तरह से सही हो सके। एसडीएम ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा द्वारा जो भी रिपोर्ट मांगी गई है उस रिपोर्ट को संबंधित अधिकारी तुरंत भिजवान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस भी मतदाता को वोटर कार्ड बनकर हमारे पास आता है तो उसको तुरंत मतदाता को भेजना सुनिश्चित करें। इसके अलावा एक ड्राफ्ट तैयार करें कि हम अपने जिला में कैसे मतदान प्रतिशत को बढ़ा सकते हैं।

## सड़क पर गाड़ी अड़ाकर मारपीट करने पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**गुमड़ रोड़** पर स्विफ्ट कार के सामने वरना कार अड़ाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल की शिकायत पर थाना गन्नौर पुलिस ने कई व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में गांव पुरखास निवासी मोहित ने बताया कि अपने साथी संदीप निवासी आहुलाना व अजय निवासी दुभेटा के साथ अपनी कार में जीटी रोड से अपने गांव पुरखास आ रहा था। रास्ते में एक बोलेरो चालक ओवर स्पीड चलता हुआ आया और अपनी गाड़ी उनकी कार की तरफ घुमा दी, लेकिन हादसा होने से टल गया। जब उन्होंने बोलेरो चालक को समझाया तो बोलेरो सवार व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह उनका बीच-बचाव किया। इसके बाद वह अपनी कार से गांव की तरफ चल पड़े तो गुमड फ्लाई ओवर के पास एक वरना कार व बोलेरो गाड़ी उनके सामने आ कर रूकी और उसमें सवार जगमेंद्र के अलावा 10-15 युवकों ने फिर से उनके साथ मारपीट की। जब भीड़ एकत्रित होने लगी तो हमलावर हवाई फायर कर उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। पुलिस ने मोहित की शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बहादुरगढ़ के डॉ मनवीर छिल्लर आप के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

### प्रदेश स्तर पर अहम जिम्मेदारी दिए जाने पर डॉ मनवीर छिल्लर ने जताया वरिष्ठ नेताओं का आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा कार्यकारिणी ने बुधवार को प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी कर दी जिसमें बहादुरगढ़ विधानसभा के बामनौली गांव के डॉ मनवीर छिल्लर को भी शामिल किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए गए डॉ मनवीर छिल्लर एक शिक्षित, तेज तर्रार और प्रखर प्रवक्ता है जो समय-समय पर विभिन्न टीवी डिबेट में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती के साथ मीडिया के माध्यम से जनता के सम्मुख रखते हैं। डॉ मनवीर छिल्लर ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता



व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, प्रदेश सीनियर उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सलाहकार अनुराग ढांडा एवं हरियाणा प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने वक्तव्य में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचा कर हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की राह सुगम करने का संकल्प लिया। डॉ मनवीर छिल्लर बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आते हैं और एक शिक्षित युवा नेता हैं और वह चिकित्सा के क्षेत्र में नाम कमाने के बाद राजनीति के मैदान में उतरे हैं। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते बहादुरगढ़ हलके के महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दों पर भी आवाज उठाते रहते हैं। फिर वह चाहे वह बामनोली के वर्षों से लटके खेल स्टेडियम के निर्माण का मुद्दा हो या अवैध कालोनियों को पक्का करने या बिजली कटौती का मुद्दा।

**जिम्मेवारी**

**प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए गए डॉ मनवीर छिल्लर एक शिक्षित, तेज तर्रार और प्रखर प्रवक्ता है**

## संदीप भांखर बने जेजेपी शहरी निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**जननायक** जनता पार्टी ने संदीप भांखर को शहरी निकाय प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया है। संदीप भांखर नारनौल नगर परिषद के वार्ड नंबर 27 से पार्षद होने के साथ-साथ पार्टी के पुराने समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिस कारण पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिला प्रधान बनाया है। इससे पहले संदीप भांखर यूएलबी शाखा के शहरी हलका अध्यक्ष रह चुके है।
इस संबंध में जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि चंडीगढ़ कार्यालय में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री



दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष ऋषि राज राणा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा तथा उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा कि वह और भी ज्यादा सक्रिय होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते रहे। उन्होंने बताया कि मिशन-2024 को मद्देनजर रखते हुए पार्टी की नीतियों को जमीन स्तर पर आम आदमी तक पहुंचाएं और पार्टी को धरातल तक मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय लोगों को संगठन से जोड़ेंगे। वहीं यूएलबी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनने पर संदीप भांखर ने पार्टी के र७ाष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, विधायक नैना चौटाला, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशानसिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजयसिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष ऋषि राज राणा व जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा का आभार जताया और कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** में तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह ने दोषी को पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने जुमार्ना राशि पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है। मूलरूप से मध्यप्रदेश निवासी व्यक्ति ने 4 जनवरी को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को बताया था कि वह क्षेत्र में रहकर एक फार्म हाउस पर काम करते थे। उनके साथ ही पंकज नाम का युवक भी काम करता था। 3 जनवरी की शाम को पंकज उनकी तीन साल की बच्ची को लेकर बाथरूम में चला गया था। वहां पर आरोपित ने उसकी बच्ची को निर्वस्त्र कर रखा था। उसने बेटी का मुंह दबा रखा था। इसी दौरान वह बाथरूम में चले गए थे। जिसके बाद आरोपित भाग गया था। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मामले में 10 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच अधिकारी एसआई बबली की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित मूलरूप से मध्यप्रदेश के जिला रीवा के गांव देवेरी का रहने वाला पंकज था। वह पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहता था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दिया था। जहां उसे जेल भेज दिया गया था।
अब मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने पंकज को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 10 पॉक्सो एक्ट में पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुमार्ना तथा भादंसं की धारा 354 में भी पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## न्यूज फ्लैश

### भड़काऊ भाषण देकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल लाइन** थाना पुलिस ने धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष निवासी राई हाल में आरके कॉलोनी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिविलि लाइन थाने में तैनात उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सुभाष चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान मोबाइल वटसअप पर एक वीडियो मिली। जिसमें मनीष 22 अगस्त को शहर के खाना कॉलोनी में हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कह रहा है। जिसमें हिंदू पक्ष से गन्नौर, सोनीपत सहित पूरा जिला शामिल होगा। खान कॉलोनी एक अल्पसख्यक मुस्लिम समुदाय बहुल्य कॉलोनी हैञ जंहा पर दुसरे समुदायों की संख्या कम है। पहले भी हरियाणा प्रदेश मे विभिन्न जगहो पर हिन्दु-मुस्लिम समुदायों में साम्प्रदायिक दंगो को लेकर काफी हिंसात्मक घटनाये हो चुकी है। खान कॉलोनी में भी मुस्लिम समुदाय बहुल्य है। मनीष राई द्वारा इस वीडियों में जो भाषण दिया गया है उससे धार्मिक दंगे भड़क सकते है। विभिन्न धर्मो की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाकर उनके अंदर बैर-विरोध को बढ़ावा दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी राकेश कुमार ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर थाना** पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुरज निवासी सलीमपुर ट्राली का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए सामान को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव गढ़ी घसीटा निवासी सुंदर कुमारी ने गत 21 अगस्त को शिकायत देकर बताया कि किसी ने उसके घर से लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी जसबीर ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी किया मोबाइल व लैपटॉप बरामद कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लड़की का अपहरण, नशीला पदार्थ खिलाकर रेप करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना** पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण व नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अशीष निवासी जमालपुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत 25 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी का किसी ने अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रख लिया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अपहरण एवं मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना पुलिस ने अपहरण एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आनंदी निवासी सुदामा नगर की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोट मोहल्ला निवासी अमित ने 5 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसे व उसके दोस्त को मामा भांजा चौक से मुकेश व उसके भाई मनोज सहित दो अन्य ने इक्को में अपहरण कर लिया। उसे रास्ते में आरोपित महिला ने मारपीट की।
उसे जान से मारने की धमकी दी। उसे सब्जी मंडी के पास फेंककर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी संजीव की टीम ने दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित महिला को काबू कर लिया है। आरोपित के जमानती पेश करने पर पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

## पीएनबी के सामने एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गन्नौर: शहर के** रेलवे रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि विष्णूपथ, गया, बिहार का रहने वाला लवकुश हाल में बड़ी गांव में किराये पर रहता था और मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की सूबह उसका शव पीएनबी बैंक के सामने सिमेंटेड बैंच पर पड़ा मिला। इसके सूचना उसके भाई सुरेश कुमार को दी तो उन्होंने बताया कि लवकुश के दिल का मरीज का था।

## ब्लॉक स्तरीय खेलों के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**रौनक पब्लिक** स्कूल के खेल मैदान में चल रही ब्लाक स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में अंडर 17 रेसलिंग में 45 किलोग्राम भार वर्ग में जतिन ने प्रथम, 48 किलोग्राम भारत वर्ग में मुनित ने प्रथम, 51 किलोग्राम भार वर्ग में तुष्यंत ने प्रथम, 55 किलोग्राम भार वर्ग में साहिल ने प्रथम, 60 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु ने प्रथम, 65 किलोग्राम भार वर्ग में अमित प्रथम, 71 किलोग्राम भार वर्ग में मनोज गुलिया ने प्रथम, 80 किलोग्राम भार वर्ग में हर्ष ने प्रथम, 82 किलोग्राम भारत वर्ग में सिद्धांत गुलिया ने प्रथम, 110 किलोग्राम भार वर्ग में शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 कुश्ती प्रतियोगिता में 35 किलोग्राम भार वर्ग में कार्तिक, 38 किलोग्राम वर्ग में वंश, 41 किलोग्राम भार वर्ग में अनुज, 44 किलोग्राम भार वर्ग में दिक्षित प्रथम स्थान पर रहे। अंडर 17 कबड्डी में एसवीएम खेड़ी गुर्जर प्रथम स्थान पर रहा। खो खो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दतौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 एथलेटिक्स 100 मीटर में लोकेश, 200 मीटर में कशिश, 400 मीटर में वंश, 600 मीटर में अजय, लांग जंप में सन्नी, हाई जंप में भूमेश, शॉटपुट में पार्थ ने बाजी मारी। वहीं अंडर-17 100 मीटर में समीर, 200 मीटर में तन्मय, 400 मीटर में समीर, 800 मीटर में गौरव, 1500 मीटर में पिंटू, 3000 मीटर में आदित्य, 5000 मीटर में कृष्ण, जैवलिन में यश हुड्डा, लांग जंप में दीपांशु, हाई जंप में विजय व शॉट पुट में यश प्रथम स्थान पर रहे। खेलो की देखरेख में प्रधानाचार्य अशोक राठी, राजबीर पाराशर, डीपीई देवेंद्र, सीमा, पीजीटी फिजिक्स रीना, पीटीआई सुमन, जितेन्द्र आदि संभाल रहे हैं।

## मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबकारी विभाग की छापेमारी, सड़क किनारे खुले चार ठेके सील

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय राजमार्ग** मेरठ-झज्जर हाइवें पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबाकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की। टीमों ने हाइवे से लगते चार शराब के ठेकों को सील कर दिया। जो आबकारी विभाग की नीति के अनुसार नियमों के तहत स्थापित नहीं किए गए थे। विभाग की टीम ने शराब ठेकेदारों को चेतावनी भी दी गई है। अगर भविष्य में ऐसे नियमों की अवेहलना की गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि मेरठ झज्जर हाईवे पर शराब के ठेके चलाने में नियमों की अनदेखी हो रही है। इसके बाद एसआई सुनील, महावीर, एएसआई राजेश और आबकारी विभाग की टीम ने शराब के ठेकों पर बारी- बारी आबकारी पॉलिसी को लेकर छापेमारी की।
यहां जांच करने पर नियमों की अवहेलना होती मिली। पॉलिसी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका होना चाहिए। लेकिन सभी ठेकेदारों ने आबकारी पॉलिसी की अनदेखी की। गांव नसीरपुर मोड़, हरसाना कलां मोड, गांव थाना कलां मोड़ और गांव झरोठ मोड़ पर चार अलग-अलग शराब के ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके शराब के ठेकों को सील कर दिया गया है। आबाकारी विभाग की तरफ से उक्त ठेकेदारों के स्टॉक की जांच की जा रही है।
**सड़क किनारे ठेका खोलने का यह है नियमः** नेशनल हाईवे किनारे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में ठेका खोलने के लिए अलग-अलग नियम है। इसमें शहरी क्षेत्र में हाईवे किनारे ठेके संचालित किए जा सकते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर दूरी पर ठेका खोलने का प्रावधान है। ऐसे में सभी ठेके 50 मीटर से भी कम दूरी पर चलते मिले।
जिसके चलते उन्हें सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने हाईवे किनारे खोले गए ठेकों के खिलाफ आबकारी विभाग की तरफ से की गई कार्रवाई को लेकर भी जानकारी मांग सकती है।
वर्जन

## 1987 में बसई को ताऊ देवीलाल ने लिया था गोद, अब पड़पौते दुष्यंत को बुलाएंगे: डा. मनीष

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । गांव** बसई को साल 1987 में ताऊ देवीलाल ने गोद लिया था। उनके कार्यकाल में इस गांव में बहुत विकास कार्य हुए। यह बात यहां के बुजुर्ग ग्रामीणों ने उन्हें बताई है। वे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को इस बात से रूबरू करवाएंगे और जल्द ही गांव में बुलाकर गांव के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करवाई जाएगी। यह बात जेजेपी के जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने गांव बसई की परस में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इस संबंध में जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस गांव



से राजकुमार शर्मा व छतरसिंह के नेतृत्व में डा. मनीष शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका सम्मान करने के लिए गांव में बुलाया गया था। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डा. मनीष शर्मा ने कहा कि गांव की हर छोटी समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार जुटी हुई है। खुद डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गांव-गांव जाकर लोगों की समस्या सुन रहे है और चंड़ीगढ़ बैठकर अधिकारियों को उन समस्या के समाधान करने के निर्देश दे रहे है। इसी सोच के चलते प्रदेश में युवाओं की फौज दुष्यंत चौटाला के साथ खड़ी है।

### अलग-अलग स्थानों पर डेंगू के 43 मरीज आएं सामने, 7 मरीज मलेरिया के मिले

## जिले में डेंगू का डंक हुआ खतरनाक, तेजी से फैल रहा डेंगू का बुखार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**जिले में** डेंगू का डंक खतरनाक होता जा रहा है। आए दिन जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या से स्वास्थ्य विभाग के होश उड़े हुए है। विभाग की तरफ से गठित टीमें संदिग्ध इलाकों में घर-घर जाकर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने व जांच करने की प्रक्रिया अमल में ला रही है। वहीं विभाग की तरफ से महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानुपर में 25 बेड व नागरिक अस्पताल में आठ बेड सहित सीएचसी सहित पीएचसी पर बेड आरक्षित कर दिए है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू को लेकर जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। नागरिक अस्पताल में एक मरीज भर्ती किया गया है। जिसकी प्लेट 80 हजार तक पहुंच चुकी थी। मरीज को वार्ड में मच्छरदानी में रखा गया है।
बता दें कि जिले में डेंगू बुखार के साथ-साथ मलेरिया का खतरा बढ़ने लगा है। जिले में अब तक अलग-अलग स्थानों पर डेंगू से ग्रस्त 43 मरीज सामने आ चुके है। इतनी तेजी से बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलर्ट जारी किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 985 लोगों की डेंगू टेस्टिंग की है। अगस्त में अब तक 217 डेंगू संभावित मरीज जांच के लिए अस्पताल की लैब पर पहुंचे है।
690 घरों के कूलर में डेंगू का लारवा मिला है। जबकि पानी की 290 टंकी में व 233 होदी में डेंगू का लारवा टीमों को जांच अभियान के दौरान मिल चुका है।

**सावधानी बरतें**

**संदिग्ध इलाकों में घर-घर जाकर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने व जांच करने की प्रक्रिया अमल में ला रही**



# रेप: आरोपित व उसकी पत्नी न्यायिक हिरासत में भेजा

## खाखा की पत्नी सीमा रानी को कोर्ट ने पहले ही हिरासत में भेजा था, खाखा पर आरोप है कि उसने अपनी दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच कई बार रेप किया

**शिकंजा**

**खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** के तीस हजारी कोर्ट ने दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ रेप करने के आरोपित दिल्ली सरकार के अधिकारी प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। दोनों की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। 22 अगस्त को कोर्ट ने प्रेमोदय खाखा को हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस ने खाखा को 21 अगस्त को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। खाखा की पत्नी सीमा रानी को कोर्ट ने पहले ही हिरासत में भेजा था। खाखा पर आरोप है कि उसने अपनी दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच कई बार रेप किया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता की एक अक्टूबर 2020 में मौत हो गई थी, जिसके बाद खाखा ने उसे अपने घर उसकी देखभाल के लिए बुला लिया था। पीड़िता खाखा को मामा कहकर बुलाती थी।

खाखा की पत्नी ने पीड़िता को गर्भ हटाने वाली गोली खिलाई थी। दिल्ली पुलिस ने दोनों के खिलाफ पॉक्सो के विभिन्न प्रावधानों के अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) (एफ), 509, 506, 323, 313, और 120बी के तहत एफआईआर दर्ज किया है। खाखा दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में डिप्टी डायरेक्टर था। मामला सामने आने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है।

### 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के मामले में डीसीडब्ल्यू ने पुलिस को नोटिस दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने 15 साल की एक लड़की से रेप के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू को लड़की के पिता से शिकायत मिली, जिन्होंने डीसीडब्ल्यू को बताया कि वह अपने परिवार के साथ मदनगीर, अंबेडकर नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया है कि 23 अप्रैल, 2023 की रात में उनकी बेटी लापता हो गई और जब उन्होंने दिल्ली पुलिस के सामने शिकायत दर्ज कराई तो उन्हें सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा गया। सुबह बच्ची वापस आई तो उसने बताया कि वह छत पर सो रही थी। पिता ने बताया है कि घटना के बाद लड़की का व्यवहार एकदम से बदल गया और वह शांत और अलग-थलग रहने लगी। विशेषज्ञों द्वारा उसकी काउंसलिंग भी करवायी गयी लेकिन समय के साथ उसकी हालत बिगड़ती गई और उसको पैनिक अटैक आने लगे। 17 अगस्त को लड़की को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पता चला कि वह 3-4 महीने की गर्भवती है। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाले एक लड़के ने 23अप्रैल, 2023 की रात में उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया था। शिकायतकर्ता ने कहा है कि आरोपित ने लड़की को धमकी दी थी कि वह घटना के बारे में किसी को न बताए अन्यथा वह उसके परिवार को मार डालेगा। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया है कि उनकी बेटी का पहले भी अक्टूबर-2018 से जनवरी-2019 तक संगम विहार में उसके घर की इमारत में रहने वाले एक अन्य व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया था। डीसीडब्ल्यू को सूचित किया गया है कि मामले में अंबेडकर नगर थाने में आईपीसी की धारा 376 और 6 पॉस्को के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि, एफआईआर में केवल एक आरोपित का उल्लेख है, अन्य का नहीं।

# कैलाश गहलोत के आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत के इस्तीफे की मांग को लेकर सिविल लाइन स्थित उनके आवास के बाहर बुधवार को प्रदर्शन किया। इनमें बड़ी संख्या में भाजपा की महिला कार्यकर्ता और कई बड़े पदाधिकारी भी शामिल हुए। दरअसल, भाजपा किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित दिल्ली सरकार के पूर्व अधिकारी के साथ मंत्री की संलिप्तता का आरोप लगा रही है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को ही प्रेस वार्ता कर आह्वान किया था कि कार्यकर्ता कैलाश गहलोत के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। सिविल लाइन स्थित मंत्री कैलाश गहलोत के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस पूरे मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उस अधिकारी को आगे बढ़ाया और प्रमोशन दिया, जिसने महीनों तक एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। 13 अगस्त को इस व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज हुई थी लेकिन दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब मामला मीडिया में आया तब उस अधिकारी को बर्खास्त किया गया।



चंद्रयान-3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग के लिए सभी देशवासियों, इसरों के वैज्ञानिकों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, सांसद व कार्यकर्ता।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को बड़ा विमान हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सुबह हाल में बने रनवे पर दिल्ली से बागडोगरा की फ्लाइट संख्या यूके725 उड़ान भर रही थी। ठीक उसी समय अहमदाबाद से दिल्ली की विस्तारा फ्लाइट बगल वाले रनवे पर उतरने के बाद उसी रनवे के अंतिम छोर की ओर बढ़ रही थी। हालांकि, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने सूझबूझ से विमान को रोक लिया। इससे हादसा टल गया। एटीसी के निर्देश के बाद उड़ान रद्द कर दी गई। सूत्रों की मानें तो दोनों फ्लाइट को एक ही समय में अनुमति दी गई थी लेकिन एटीसी ने तुरंत नियंत्रण में ले लिया। ड्यूटी पर तैनात एटीसी अधिकारी ने विस्तारा की उड़ान को रद्द करने के लिए कहा।

# बारिश से थम गए वाहनों के पहिए, जाम से लोग रहे परेशान

## दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम, सिरहौल बॉर्डर से सिग्नेचर टावर चौक तक लगा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में बुधवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने लोगों को एक ओर उमस से राहत पहुंचाई तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम लगने से वाहनों के पहिए थम गए। दिल्ली और साइबर सिटी में सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश से सिरहौल बॉर्डर से साइबर सिटी के सिग्नेचर टावर चौक तक दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया। इससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और दफ्तर के लिए निकले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**दिल्ली के इन मार्गों पर भी**



**लगा जाम:** दिल्ली के विकास मार्ग पर बारिश के बीच लोग छाता लगाकर अपने बच्चों को स्कूल छोड़ते जाते नजर आए। वहीं दोपहिया वाहन चालक रेनकोट पहनकर आफिस जाते दिखे। बारिश की वजह से स्वामी दयानंद मार्ग, उस्मानपुर पुश्ता, खजूरी, शास्त्री पार्क पर जाम लगने से लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। जाम लगने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी हुई। औद्योगिक नगरी में बुधवार को सुबह आसमान में काले बदल छाने के बाद झमाझम बारिश हुई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। वहीं तापमान में गिरावट आई। बुधवार सुबह जब लोगों की आंखें खुली तो घर के बाहर बादल छाए थे। तड़के सुबह से तेज फिर 11 बजे तक रिमझिम वर्षा होती रही।

**परेशानी का सबब**

**स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और दफ्तर के लिए निकले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा**

# सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार पर आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट स्पेशल जज एमके नागपाल ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी। कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 153A, 295R/W149, 307, 308, 323, 325, 395, 436 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने एसआईटी को सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 को हटाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि सज्जन कुमार इस केस में हिरासत में नहीं हैं, सज्जन कुमार इस मामले में जमानत पर हैं। दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान जनकपुरी में दो सिखों सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह को एक नवंबर 1984 की हत्या हुई थी। इसी तरह विकासपुरी पुलिस स्टेशन के इलाके में गुरुचरण सिंह को जला दिया गया, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई थी। इन दोनों मामलों मे 2015 में एसआईटी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



**सुनवाई**

**कोर्ट ने एसआईटी को सज्जन के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 को हटाने का आदेश दिया**

# डायोसेशियन बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस ने सर्वधर्म सभा का आयोजन किया

## सभा में उपस्थित लोगों ने देश में एकता और शांति बनाकर रखने का लिया प्रण

**सद्भाव**

**सभी धर्मों के बीच मोहब्बत, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा दिए जाने की बात की गई**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के कांस्टिट्यूशन क्लब में एक सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। डायोसेशियन बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में चर्च ऑफ नार्थ इंडिया दिल्ली डायोसिस के बिशप डॉ. पाल स्वरूप, शाही मस्जिद फतेहपुरी के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद, कालकी पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम और सिख समाज से थान सिंह जोश ने भाग लिया। इस मौके पर सभी धर्मों के बीच मोहब्बत, आपसी भाईचारा, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा दिए जाने की बात की गई। इस मौके पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि हमारे यहां सनातन धर्म में चींटी मारना भी पाप है तो हमारे देश में व्यापक तौर से हिंसा क्यों हो रही है? यह एक साजिश है। इस साजिश को हमें एकजुट होकर के नाकाम करना है। हमें देश में एकता और भाईचारा, प्रेम बनाए रखने के लिए एक मजबूत प्रयास करने की बेहद जरूरत है। सभा में शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा कि सभी लोग एक ही खुदा की संतानें हैं। हमें हिंदू, ईसाई, सिखों से भी मोहब्बत रखनी है। हमारे देश में दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। हमारा देश संविधान और कानून से चलेगा। मणिपुर और नूंह में होने वाली हिंसा निंदनीय है और हिंसा को रोकने के लिए सरकारों के जरिए उठाए गए कदम सवालों के घेरे में हैं। इस अवसर पर सरदार थान सिंह जोश ने कहा कि सरकारों को नफरत फैलाने वाले बयानों को बढ़ावा देने के बजाय उस पर सख्ती से रोक लगाने पर बल देना चाहिए। सरकारों को देश में एकता और शांति बनाकर रखनें के लिए प्रभावी कदम उठाना चाहिए। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने प्रण किया कि देश में एकता और शांति बनाकर रखेंगे। इस मौके पर फादर मोनोदीप डेनियल ने सभी उपस्थित लोगों के भाषण का निचोड़ संक्षिप्त में बताया। मंच का संचालन फादर सोलोमन जॉर्ज ने किया।

# एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर करते थे ठगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

खुद को मेडिकल कॉलेज का डीन और प्रिंसिपल बताकर एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक गैंग का रोहिणी जिला के साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में गैंग सरगना एमबीबीएस डॉक्टर और उसके दो साथियों को पश्चिम बंगाल और असम से गिरफ्तार किया है। गैंग ने दिल्ली के एक डॉक्टर के बेटे का दाखिला कराने के नाम पर ठगी की थी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी व गैंग सरगना सुमंत्रा गुप्ता (41), इसके साथी असीकुर रहमान (31) और धर्मेश कलिता (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन, 10 सिमकार्ड, दो लैपटॉप, छह एटीएम, तीन चेकबुक, पासबुक के अलावा अन्य सामान बरामद किया है। मुख्य आरोपित सुमंत्रा गुप्ता एमबीबीएस डॉक्टर और वह पश्चिम बंगाल में अपना नर्सिंग होम चलाता है। इसके खिलाफ पहले से एमबीबीएस में दाखिले कराने के नाम पर ठगी के तीन केस दर्ज हैं। पुलिस को मामले में सुमंत्रा गुप्ता की सहयोगी नगमा खान की तलाश है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई को रोहिणी जिला निवासी डॉ. विजय धनकर ने ठगी की एक शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई थी। डॉ. विजय ने बताया कि उनको अपने बेटे का एमबीबीएस में दाखिला कराना था। उनको कहीं से डॉ. आरबी गुप्ता का मोबाइल नंबर मिला। फोन पर उनसे दाखिले के लिए बात हुई तो आरोपित ने खुद को कटिहार मेडिकल कॉलेज का डीन बताकर दाखिले के नाम पर 60 लाख की डिमांड की। डॉ. विजय इसके लिए तैयार हो गए।

**अरेस्ट**


**गैंग सरगना एमबीबीएस डॉक्टर और उसके दो साथियों को पश्चिम बंगाल और असम से गिरफ्तार किया है**

# नौसेना प्रमुख ने बेस कारवार में 600 फ्लैटों वाली दो इमारतों का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने नौसेना बेस कारवार का दौरा किया। यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख ने बड़ी संख्या में नौसेना कर्मियों के परिवारों की मौजूदगी में अमाधल्ली और अरगा नौसेना बेस में 600 फ्लैटों वाली दो आवासीय इमारतों का उद्घाटन किया।

आईजीबीसी (भारतीय हरित भवन परिषद) गोल्ड रेटिंग का अनुपालन करते हुए दस आवासीय टावरों में आधुनिक सुविधाओं, बेहतर आंतरिक सज्जा, भूदृश्य और बाहरी सेवाओं का प्रावधान किया गया है।



ये अवसंरचना विकास, परियोजना सीबर्ड के चल रहे चरण आईआईए का हिस्सा है और इसमें लगभग 10,000 यूनिफॉर्म्ड और सिविलियन पर्सनल अपने परिवारों के साथ रहेंगे। इस मौजूदा निर्माण ने कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। यह परियोजना भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप है, जो 90 प्रतिशत से अधिक सामग्री घरेलू स्तर पर प्राप्त करती है।

# कैब ने खड़े ट्रक में पीछे से मारी टक्कर, गाड़ी से ही जा चिपका चालक; सिर के हुए टुकड़े-टुकड़े

## पीछे की से तेज रफ्तार से आई कैब ने पीछे से जबरदस्त तरीके से टक्कर मार दी, स्वीफ्ट डिजायर कैब का अगला हिस्सा ट्रक के नीचे घुस गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिण** दिल्ली के फतेहपुरीबेरी थाना इलाके में एमबी रोड पर कैब ने खड़े ट्रक में पीछे से जबरदस्त तरीके से रात को टक्कर मार दी। उस समय ट्रक चालक पीछे स्टेंड में पंचर टायर को रख रहा था। कैब की टक्कर से चालक रामप्रकाश ट्रक के पीछे हिस्से से चिपक गया। उसके सिर के कई टुकड़े हो गए थे। कैब चालक को कहना है कि झपकी लगने की वजह से कैब पीछे से ट्रक में घुस गई। दूसरी घटना में सरिता विहार इलाके में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। इनमें से एक की मौत हो गई।

**टक्कर से चालक ट्रक के पिछले हिस्से से चिपका:** दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि गांव बसंतपुर, जिला राय बरेली, यूपी निवासी रामप्रकाश दिल्ली में ट्रक चलाता है। रात को उसका ट्रक एमबी रोड पर मेट्रो पिलर नंबर 101 के पास, सुल्तानुपर मेट्रो स्टेशन के नजदीक रात को पंचर हो गया। राम प्रकाश ने पंचर टायर को बदल दिया। वह पंचर टायर को ट्रक के पीछे बने स्टेंड में रख रहा था। तभी पीछे की से तेज रफ्तार से आई कैब ने पीछे से जबरदस्त तरीके से टक्कर मार दी। स्वीफ्ट डिजायर कैब का अगला हिस्सा ट्रक के नीचे घुस गया। कैब व ट्रक के बीच रामप्रकाश पिस गया। कैब की



टक्कर से वह ट्रक के पिछले हिस्से के चिपक गया। किसी राहगीर ने सुबह पांच बजे इसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दी। सूचना के बाद फतेहपुरबेरी थाने में तैनात एमरजेंसी अफसर एएसआई श्रीराम मौके पर पहुंचे। राम प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस को रामप्रकाश के शरीर के टुकड़े का एकत्रित करने के लिए विशेषज्ञ टीम बुलानी पड़ी। पुलिस ने रामप्रकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी है। एएसआई श्रीराम ने मामला दर्जकर कैब चालक पालम कॉलोनी दिल्ली निवासी गोपाल नारायण मिश्रा( 38 ) को गिरफ्तार कर लिया है।

**सरिता विहार में तीन दोस्तों को मारी टक्कर:** बिन्दुसार कैम्प, अमर कॉलोनी निवासी गोपाल निजी कंपनी में काम करता था। घायल हुए उसके दोस्त अनिल व केतन भी इसी कैंप में रहते हैं। केतन ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि वह अनिल और गोपाल के साथ 20 अगस्त को बदरपुर गया था। वहां से काम खत्म करने के बाद देर रात तीनों स्कूटी से घर लौट रहे थे। केतन की स्कूटी को अनिल चला रहा था। केतन और गोपाल पीछे बैठे हुए थे। सरिता विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने आश्रम की ओर आने वाली सड़क पर स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों दोस्त स्कूटी के साथ नीचे गिर गए। ट्रक चालक ने भागने के चक्कर में गोपाल को कुचल दिया। इसके बाद चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने गोपाल को मृत घोषित कर दिया। केतन और अनिल अस्पताल में भर्ती हैं। सरिता विहार पुलिस ने मामला दर्जकर ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### डीएलएसए ने कानूनी जागरूकता शिविरों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निदेर्शानुसार हालसा के एनुअल एक्शन प्लान के तहत डीएलएसए द्वारा विशेष जागरूकता शिविर चलाए जा रहे है। इन शिविरों में पैनल के अधिवक्ता एवं पीएलवी द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अधिवक्ता रजत व पीएलवी शिव कुमार द्वारा शांति नगर में पीड़ित मुआवजा योजना, भारतीय झंडा संहिता 2022 व राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के बारे में लोगों को जागरूक किया और संबंधित विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इन कैंपों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है ताकि संबंधित योजनाओं व विषयों की जानकारी सभी को मिल सके।

### ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक स्कूल की टीम रही प्रथम

**गन्नौर: ब्लॉक स्तरीय** कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक पब्लिक स्कूल की अंडर-17 लड़कियों ने ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कप्तान ज्योति के नेतृत्व में लड़कियों ने फाइनल मैच में राजकीय स्कूल कैलाना की टीम को हराकर विजय प्राप्त की। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पहल टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रतिराम स्कूल के छात्रों का खेलो में रहा बेहतर प्रदर्शन

**गन्नौर: रतिराम मैमोरियल** सी. सै. स्कूल खुबडू के छात्रों ने ब्लाक स्तरीय खेलो में हारडल रेस में अमन ने अंडर 16 में दूसरा, आर्यन ने अंडर 17 में 400 मीं दोड़ में दूसरा व लोकेश ने 100 मी. दौड़ में अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रविन्द्र धनखड़ ने मेधावी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 75 साल का जश्न मनाते हुए, अशोक लेलैंड की ड्रीम ड्राइव गाजियाबाद पहुंची

**गाजियाबाद।** अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ड्रीम ड्राइव के हिस्से के रूप में अशोक लेलैंड का बॉस 1215 और बड़ा दोस्त वाहन गाजियाबाद पहुंचे। जम्मू से यात्रा करते हुए, वाहन आगरा की ओर जा रहा है। यह अभियान पंतनगर के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट में समाप्त होगा। इस यात्रा में यह ड्राइव कानपुर, वाराणसी और लखनऊ को भी कवर करेगी। कुल 10 वाहनों के साथ ड्रीम ड्राइव देशभर में पांच अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर, यह अभियान देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजर रहा है और अशोक लेलैंड के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट्स में समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य कई आयामों में राष्ट्र के साथ कंपनी के स्थायी संबंधों का जश्न मनाना है। साथ ही, अशोक लेलैंड अपने डीलरशिप के व्यापक नेटवर्क के साथ जुड़ेगा, अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ सीधा संबंध बनाएगा और वाणिज्यिक वाहन से संबन्धित अपने वर्षों के अनुभव के जरिये तमाम जानकारी एकत्र करेगा। 'ड्रीम ड्राइव' पर अपडेट रहने और बातचीत में शामिल होने के लिए, अशोक लेलैंड के सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें या कंपनी की वेबसाइट पर जाएं।

### डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

**नोएडा।** भारतीय स्टेशनरी और आर्ट उत्पाद बाजार में अग्रणी समग्र रचनात्मक उत्पाद कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश कुल मिलाकर 12,000 मिलियन रुपये तक है, जिसमें कुल मिलाकर 3,500 मिलियन रुपये तक का ताजा इश्यू और 8,500 मिलियन रुपये तक का बिक्री प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। ऑफर फॉर सेल में कॉर्पोरेट प्रमोटर और फैब्रिका इटालियाना लैपिस एड एफिनी एस.पी.ए. द्वारा कुल मिलाकर 8,000.00 मिलियन रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। संजय मनसुखलाल राजानी द्वारा 250 मिलियन रुपये तक के इक्विटी शेयर और केतन मनसुखलाल राजानी द्वारा 250 मिलियन रुपये तक के इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। नए इश्यू के माध्यम से जुटाई गई रकम का उपयोग लेखन उपकरणों, वॉटर कलर पेन, मार्कर और हाइलाइटर्स की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ कंपनी की उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के लिए एक नई विनिर्माण सुविधा की स्थापना की लागत के आंशिक वित्त पोषण और साथ ही सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए किया जाना प्रस्तावित है। कंपनी अच्छी तरह से बनाए गए, क्वालिटी वाले स्टेशनरी और आर्ट उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को डिजाइन, विकसित, निर्माण और बेचती है। इसमें मुख्य रूप से प्रमुख ब्रांड डोम्स और उप ब्रांड (सब ब्रांड) सी 3 अमरीज और फिक्सी फिक्स के तहत घरेलू बाजार के साथ-साथ अन्य देशों जैसे अमेरिका, अफ्रीका, एशिया प्रशांत, यूरोप और मध्य पूर्व बेल्ट को कवर करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 देश में बेचती है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में जिला परिषद की चौथी सामान्य बैठक सम्पन्न

## परिषद सदस्य किन विभागों से जुड़े कार्य करवा सकते हैं के बारे में कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला परिषद** की चौथी सामान्य बैठक जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में छः सूत्रीय एजेंडे पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सभी 17 वार्डो के जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। बैठक के समापन पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने सम्बोधित करते हुए



कहा कि सदन हमारी पहचान है। हमें गरिमा में रहकर कार्य करना चाहिए। जिला परिषद की लिमिट की ग्रांटे हैं। जरूरी नहीं की हर जिला परिषद के सदस्य का कार्य हो। हमें उन्हीं कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए जो ज्यादा जरूरी है। बैठक में छः सूत्रीय जनहित एजेंडे को लेकर परिषद सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य किन-किन विभागों से जुड़े कार्य करवा सकते हैं के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में इस छः सूत्रीय एजेंडे में पिछली सामान्य बैठक की कार्यवाही पुष्टिद्, राज्य वित्त आयोग वित्त वर्ष 2022-23 के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों की नवीनतम प्रगति एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त खर्च राशियों की अदायगी प्रगति बारे विचार-विमर्श किया गया। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि बैठक में 15वें वित्त आयोग की ग्रांटों में वित्त वर्ष 2021-22 में प्राप्त ग्रांटों की द्वितीय किश्त वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त ग्रांटों की प्रथम किश्त के विरूद्ध कार्य स्वीकृत करने बारे तथा वित्त वर्ष 2023-24 की प्लान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रदर्शित राशि के विरूद्ध बनाने बारे विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में परियोजनाओं की सूची अनुसार पंचायती राज संस्थाओं की कार्यात्मक जिम्मेदारी की शत प्रतिशत पालना करना सुनिश्चित करने बारे में भी विचार-विमर्श किया गया।

## ओम शांति शिक्षा सदन में विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में आनंद कौशिक व मनोज गर्ग के नेतृत्व में उमंग व हर्षोल्लास के साथ साहित्मिक पर्व मनाया गया। स्कूल के सैकड़ो छात्रों ने भाषा कौशल में प्रवीणता व्यक्त करते हुए नाना प्रकार की कविताएँ, कहानी नाटक, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा कला कौशल के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने आपनी कविताओं के माध्यम से श्रृंगार रस, भक्ति रस आदि की महत्वता बताई। लघु नाटिका के माध्यम से पर्दे पर नाटक की महत्वता बताते हुए कहा कि लड़कियों को लड़कियों को अपनी सुरक्षा किस प्रकार करनी चाहिए। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना की। योगराज भरद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर सभी प्रकार की क्रिया-कलापों में प्रतिभागी बनना चाहिए क्योंकि स्कूल में ही एक ऐसा मंच होता है जो विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की तरफ अग्रसर करता है और साथ ही विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का करता है।

## अंडर -14 कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दूसरा स्थान हांसिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**खंड स्तरीय** स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में नव ज्योति शिक्षा सदन सदन खूबडू भाँवर की छात्राओं ने अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर स्कूल निदेशक राजेंद्र कौशिक,प्राचार्य हनी शर्मा व स्टाफ के अन्य सदस्य ने जोरदार स्वागत किया। टीम में से उर्वी, कनिका, निशू, धनवी, वीनू, कनिका, दक्ष, अश्वनी, अरमान और ईशान बच्चों का जिला स्तर पर भी चयन किया गया।

## कुश्ती में पुरखास संत विवेकान्द स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**गन्नौर: खंड स्तरीय** खेलों में पुरखास गांव के सन्त विवेकानन्द विद्यापीठ के खिलाड़ियों ने क्रिकेट में अंडर 14 वर्ग में चिराग ,अंडर 17 वर्ग में निखिल का चयन हुआ। कुश्ती में अंडर 14 वर्ग 48 किलो में अरमान प्रथम स्थान ,अंडर 17 वर्ग 51 किलो में तुष्यनत ने प्रथम स्थान,अंडर 17 वर्ग 80 किलो भार में हर्ष ने प्रथम स्थान,अंडर 19 वर्ग 87 किलो भार में अन्शु ने प्रथम स्थान, अंडर 19 वर्ग 125 किलो भार में नितिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।

## इंडियन ऑयल बोर्ड में सेंथिल कुमार ने निदेशक पाइपलाइन्स का कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**इंडियन ऑयल** कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में सेंथिल कुमार एन ने निदेशक पाइपलाइन्स का कार्यभार संभाल लिया है। इंडियन ऑयल के लगभग 18,500 कि.मी. के क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन्स नेटवर्क के प्रमुख के रूप में सेंथिल कुमार कॉर्पोरेशन के विशाल और जटिल पाइपलाइन्स बुनियादी ढांचे के लिए जिम्मेदार होंगे जिसमें सिंगल पॉइंट मूरिंग सिस्टम, कच्चे तेल टैंक फार्म, नगर गैस वितरण नेटवर्क और दुर्गम भूभाग को पार करती पाइपलाइनें शामिल हैं। सेंथिल कुमार एन. एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार



इंजीनियर हैं, जिनके पास इंडियन ऑयल के देश व्यापी तेल और गैस पाइपलाइन्स के प्रचालन और अनुरक्षण में 33 वर्षों से अधिक का विशद अनुभव है। कॉर्पोरेशन के लिए उनका दृष्टिकोण 'उत्कृष्टता, अखंडता, जन संपर्क, नेट जीरो और खुशहाली' के पांच स्तंभों के आधार पर तकनीकी सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता पर आधारित है। निदेशक पाइपलाइन्स के रूप में बोर्ड में शामिल होने से पहले, वह इंडियन ऑयल के पाइपलाइन्स प्रभाग मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक प्रचालन के रूप में कार्यरत थे। समाधान खोजने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने के प्रबल समर्थक रहे श्री सेंथिल कुमार ने पाइपलाइन्स सुरक्षा प्रणालियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाइपलाइन्स में चोरी पर अंकुश लगाने की एक बड़ी तकनीकी सफलता के रूप में उन्होंने पाइपलाइन्स घुसपैठ का पता लगाने और चेतावनी प्रणाली की स्थापना की शुरूआत की।

## 'पत्रकार समाचार प्रेषित करने से पूर्व समाचार की विश्वसनीयता परखें'

### जिला सूचना एवं सम्पर्क विभाग ने किया मीडिया सैंटर में सावन उत्सव कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला सूचना** एवं सम्पर्क विभाग द्वारा स्थानीय मीडिया सैंटर में 23 अगस्त बुधवार को सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समाचार पत्रों व इलैक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया व एक-दूसरे की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने पत्रकारों को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि प्रैस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज भी इसकी अनेक जिम्मेदारियां हैं व यह व्यवसाय आज के दौर में भी चुनौतिपूर्ण है। पत्रकार समाज की वह कड़ी है जिस पर समाज पूरा दारमदार है। पत्रकारों का दायित्व बनता है कि वे विश्वसनीयता की न्यूज दें व कोई भी समाचार प्रेषित करने से पहले उसे पूरी तरह से परख लें। पत्रकार कोई भी ऐसा समाचार प्रेषित ना करें जिससे समाचार की विश्वसनीयता भंग हो।
उपायुक्त ने कहा कि मीडिया ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर उनका सहयोग किया। पूरा प्रशासन पत्रकारों के साथ है। उपायुक्त ने इस दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि वे 11 से 1 बजे तक खुला दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनते हैं व अधिकारियों से मिलकर उनका समाधान निकालते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कार्यालय नहीं पहुंच सकते वे वाहट्सएप के जरिए भी मुझ तक अपनी समस्याएं दे सकते हैं। उन पर निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।
इस मौके पर मीडिया सैंटर कमेटी के अध्यक्ष राजेश भयाना, मुकेश टंडन व टोटल टीवी के प्रतिनिधि देवेन्द्र कथूरिया ने तीज पर्व महत्वता पर प्रकाश डाला। इस पर्व कार्यक्रम में मुख्य मंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर रणदीप घणघस,
डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़, एआईपीआरओ दीपक पारासर के अलावा पत्रकार विनोद पांचाल,देवेंद्र कथूरिया, जगमेन्द्र सरोहा,मुकेश टंडन, कमाल हुसैन व विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## '76वां निरंकारी वार्षिक संत समागम भोडवाल माजरी में 28 से 30 अक्तूबर को'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**निरंकारी आध्यात्मिक** स्थल भोड़वाल माजरी में 28 से 30 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे 76वें निरंकारी वार्षिक संत समागम को सफलतापूर्वक कराने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय में संत निरंकारी मंडल के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने समागम को सफलतापूर्वक करवाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि समागम में लाखों लोगों का आगमन होता है इसके लिए बिजली, पानी, शौचालय, ट्रांसपोर्ट व अन्य ठहराव से संबंधित सुविधाओं की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में प्रशासन नियमानुसार समागम को सफलतापूर्वक कराने के लिए संत निरंकारी मंडल का सहयोग करेगा। उपायुक्त ने बताया कि समागम स्थल पर बसों की व्यवस्था सूचारू रूप से की जाएगी। शहर में अतिरिक्त लोकल बसें पानीपत से समागम स्थल तक चलाई जाएंगी। अस्थायी बस स्टॉप बनाए जाएंगे ताकि समागम में आने वाले प्रवासियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
उपायुक्त ने इसके लिए परिवहन विभाग के जीएम को नियमानुसार बसों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने दमकल विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियमानुसार फायर व एमरजैंसी सर्विस प्रदान करें। उपायुक्त ने बिजली विभाग को अस्थाई बिजली कनैक्शन नियमानुसार प्रदान करने के लिए व स्वास्थ्य विभाग को एंबुलैंस, पैरामैडिकल स्टाफ, अस्थाई डिस्पैंसरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे इस दौरान समागम स्थल के निकट पुलिस पोस्ट स्थापित करें व कानून व्यवस्था का पालन करने के इंतजाम करें।
इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, डीएसपी(ट्रेफिक) सुरेश सैनी, संत निरंकारी मंडल सचिव जोगिन्द्र सुखिजा, संजय सैनी, राजेन्द्र भुल्लर आदि मौजूद थे।

## नशे की लत ने बनाया बाइक चोर; चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत, सीआईए** थ्री की टीम ने सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रिंस निवासी वधावाराम कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रिंस ने बताया कि वह नशा करने का आदी है। नशा खरीदने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी को उसने बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी प्रिंस को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास घूम रहा है।

## छात्र मिलन कार्यक्रम: जवाहर नवोदय विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रम[illegible]

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
**आज** गाँव निवारसी के पंच तथा समाजसेवी डॉक्टर बलविंदर सिंह घोतरा के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक पाठशाला,निवारसी व राजकीय प्राथमिक पाठशाला, निवारसी कॉलोनी के कक्षा चौथी व पाँचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों का "छात्र मिलन कार्यक्रम" के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, निवारसी का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया । इस आयोजन में मामराज, अध्यापक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, निवारसी, तथा प्रदीप कुमार, इंचार्ज,राजकीय प्राथमिक



पाठशाला, निवारसी कॉलोनी ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई । नवोदय विद्यालय के प्राचार्य निरंजन सिंह तथा उप-प्राचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बहुत गर्म-जोशी के साथ राजकीय विद्यालय के प्रतिनिधियों तथा विद्यार्थिओं का स्वागत किया । बलराम तंवर, पी.जी.टी. हिंदी, नवोदय विद्यालय, के द्वारा मेहमानों का अपने विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थिओं से जान पहचान करवाने तथा विद्यालय में मौजूद विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से मेहमान बच्चों को परिचित करवाने का दायित्व प्रशंसनीय तरीके से निभाया गया । प्राचार्य निरंजन सिंह के द्वारा भ्रमण पर आये विद्यार्थिओं को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के प्रारूप की जानकारी देने के अतिरिक्त उन्हें इस के लिए सुनियोजित तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया। भ्रमण के अंत में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थिओं ने एक सांझे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम का समापन डॉक्टर घोतरा के द्वारा नवोदय विद्यालय, निवारसी के प्रशासन, स्टाफ तथा विद्यार्थिओं को समर्पित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# रक्तदान शिविर का समाजसेवी आंतिल ने किया भव्य स्वागत

## संस्थापक एवं चेयरमैन नानक चंद गुप्ता के 76वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**रेनू विद्या** मंदिर में श्री रामेश्वर सेवा संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन नानक चंद गुप्ता के 76 वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान के द्वारा किया गया। संस्थान के चैयरमेन व संस्थापक नानक चंद गुप्ता के 76 वे जन्मदिवस पर रक्त दान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद की और



से कैंप लगाया गया और 100 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही में दिव्यांग बच्चो की डाक्टरों की टीम ने जांच की। स्कूल के प्रधानाचार्या डा. प्रमोद कुल्हाड़े ने चैयरमेन का स्वागत करते हुए दिव्यांगजनों के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया।

**आश्वासन**

▶▶ नानक चंद गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त करते हुए दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए आश्वासन दिया

संस्थान के प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने रेनू विद्या मंदिर की गत 22 वर्षो में दो बच्चो से शुरू होकर लगभग 350 सामान्य एवं दिव्यांग बच्चो के लिए उठाये गए कदमो पर प्रकाश डालते हुए नानक चंद गुप्ता को देते हुए अच्छे स्वास्थय की कामना की। समाजसेवी जय भगवान आंतिल ने संस्थान द्वारा दिव्यंजन बच्चो के लिए उठाये गए शिक्षा के कदमों को जानकर बड़ी प्रशंसा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा के लिए संस्थान बेहतर प्रयास कर रहा है। नृत्य शिक्षक विकास कुमार की अनुयाई में दिव्यांग बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। नानक चंद गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त करते हुए दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए आश्वासन दिया।

## नागरिक अस्पताल में हाई वोल्टेज ड्रामा खुद मेडिकल सुपरिंटेंडेंट बैठे धरने पर

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। नागरिक** अस्पताल में बुधवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां पर अपने स्टाफ की कार्य प्रणाली से नाराज मेडिकल सुपरीटेंडेंट सीएमओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। अस्पताल के एक बड़े अधिकारी द्वारा इस प्रकार सिविल सर्जन के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठना काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।
बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक धर्मेंद्र संगवान सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य के कार्यालय के बाहर



धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे हुए मेडिकल सुपरीटेंडेंट का कहना था कि अस्पताल का स्टाफ उनकी बातों को नहीं मानता है। जिसके कारण अस्पताल चलाने में उनको काफी परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि यहां के स्टोर कीपर नरेंद्र कुमार की मौत के बाद कोई भी उस स्टोर को चलाने वाला नहीं है। जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। सारा भार उनके कंधों पर आ गया है। इससे भी मानसिक रूप से भी परेशान रहने लग गए हैं।
हालांकि सिविल सर्जन के कहने पर दस मिनट बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक ने धरना समाप्त कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक का आरोप है कि चिकित्सक उनकी बात नहीं मान रहे है।

## रिसर्च शिप डॉकिंग के लिए चीन के अनुरोध पर विचार कर रहा श्रीलंका, भारत में बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंता

**जोहान्सबर्ग।** श्रीलंका वर्तमान में चीन द्वारा देश में एक अनुसंधान जहाज को डॉक करने की अनुमति देने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले साल एक चीनी जासूसी जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा पर बंदरगाह पर पहुंचा था, उस जहाज की यात्रा के एक साल बाद फिर भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता प्रियंगा विक्रमसिंघा ने बताया कि इस संबंध में चीनी दूतावास ने एक आवेदन दिया है और मंत्रालय फिलहाल इस पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, यात्रा के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। चीनी अनुसंधान जहाज 'शी यान 6' (SHI YAN 6) के अक्टूबर में समुद्री अनुसंधान गतिविधियों के लिए श्रीलंका पहुंचने की उम्मीद है। बताया गया है कि शी यान-6 की वहन क्षमता 1115 डीडब्ल्यूटी है और एक अनुसंधान व सर्वेक्षण पोत है। इसकी कुल लंबाई 90.6 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर बताई गई है। श्रीलंकाई मीडिया में चर्चा है कि भारत द्वारा उठाई जा रही संभावित चिंताओं के कारण यहां का विदेश कार्यालय इस अनुरोध को लेकर अजीब स्थिति में है। उम्मीद है कि यह पोत राष्ट्रीय जलीय संसाधन अनुसंधान और विकास एजेंसी (एनएआरए) के साथ संयुक्त रूप से अनुसंधान करेगा। चीनी नियमित आधार पर अपने जहाज श्रीलंका भेजता रहता है। दो हफ्ते पहले चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी का युद्धपोत हाई यांग-24 एचएओ (HAI YANG wy HAO) दो दिवसीय दौरे पर देश में आया था। बताया गया है कि भारत द्वारा जताई गई चिंताओं के कारण 129 मीटर लंबे जहाज के आगमन में देरी हुई है। पिछले साल अगस्त में चीनी बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज 'युआन वांग-5' इसी तरह की यात्रा के तहत दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा था।

## पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीख पर आयोग सभी पार्टियों से करेगा परामर्श

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले आम चुनाव की तारीख के संबंध में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से परामर्श करने का फैसला किया है। इन दलों से अलग-अलग सलाह-मशविरा किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम के साथ-साथ परिसीमन और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। स्थानीय सूचना संचार केंद्रों ने आयोग के हवाले रिपोर्टिंग में कहा है कि यह बैठकें अगले कुछ दिनों में शुरू होने की उम्मीद है। आयोग के अधिकारी पीटीआई, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम), जमात-ए-इस्लामी (जेआई), अवामी नेशनल पार्टी




से परामर्श करेंगे। गौरतलब है कि आयोग पहली बार डिजिटल जनगणना के आलोक में नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित कार्य की समीक्षा कर चुका है। इसके बाद आयोग ने प्रांतीय सरकारों और सांख्यिकी विभाग को आवश्यक संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि नए सिरे से परिसीमन करने के लिए सोमवार को अधिसूचित पांच परिसीमन समितियां 31 अगस्त तक संघीय राजधानी और प्रांतों से जिलों के नक्शे और आवश्यक डेटा प्राप्त करेंगी।

## जमीन घोटाले में चार पूर्व मंत्री आरोपित, दो पूर्व प्रधानमंत्री बने सरकारी गवाह

**काठमांडू।** नेपाल के चर्चित जमीन घोटाला ललिता निवास काण्ड में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट के मुताबिक चार मंत्रियों सहित 290 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इस घोटाले में नीतिगत निर्णय करने वाले दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को सरकारी गवाह बनाया गया है। काठमांडू जिला अदालत में सरकारी वकील के मार्फत आज ललिता निवास काण्ड में चार्जशीट दाखिल किए जाने की जानकारी सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में चार पूर्व मंत्रियों सहित 290 लोग आरोपित बनाए गए हैं। एआईजी बज्राचार्य के मुताबिक पूर्व उपप्रधानमंत्री विजय कुमार गच्छेदार, पूर्व मंत्री चन्द्रदेव जोशी, डम्बर श्रेष्ठ और संजय साह को मुख्य योजनाकार बनाया गया है। इसके अलावा कुछ बड़े व्यापारियों





को इसमें मुख्य आरोपित बनाने की जानकारी भी दी गई है। इस जमीन घोटाले में दो दिन पहले ही जिन दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के बयान कलमबंद हुए थे, उन्हें सरकारी गवाह बनाया गया है। बज्राचार्य ने कहा कि दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों की इस घोटाले में कोई भूमिका नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी गवाह बनाया गया है। सीआईबी ने इस मामले में संचार मंत्रालय के सचिव कृष्ण बहादुर राउत को भी गिरफ्तार किया था। बाद में सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद राउत को रिहा कर दिया गया था। इस चार्जशीट में उनकी भूमिका को लेकर कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है यानी कि सचिव को क्लीन चिट दे दी गई है।

## चांद पर 50 साल बाद फिर नासा भेजेगा इंसान, बना रहा खास टीम

**वाशिंगटन।** भारत के चंद्रयान-3 मिशन को लेकर हर कोई उत्सुक है। इस बीच, 50 साल बाद अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा एक बार फिर इंसान को चंद्रमा पर भेजने की तैयारी कर रहा है। एलान किया है कि वह एक बार फिर इंसान को चांद पर भेजेगा। इसके लिए उसने एक भूविज्ञान टीम को चुना है, जो सफल मिशन के लिए रणनीति तैयार करेगी। गौरतलब है, पहली बार इंसान ने सन् 1969 में चांद पर पैर रखा था। उस समय नील आर्मस्ट्रांग और उनके साथी गए थे। हालांकि, 1972 के बाद किसी मानव मिशन को चांद पर नहीं भेजा गया।

**यह है खास**

एजेंसी का कहना है कि वैज्ञानिक चांद पर लोगों को बसाने के लिए खोज करना चाहते हैं। इसलिए नासा का आर्टेमिस III मिशन चंद्रमा पर कदम रखने के लिए तैयार होने वाला है। इसके साथ ही नासा ने फैसला लिया कि चांद पर भेजने वाली टीम में महिला भी शामिल होंगी और मिशन को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के करीब भेजा जाएगा।

**सफल बनाने की रणनीति**

नासा की साइंस एसोसिएट प्रशासक डॉ. निकी फॉक्स ने कहा कि विज्ञान आर्टेमिस के स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि 50 साल से अधिक समय बाद एक बार फिर चांद पर इंसानों को भेजने की योजना का भूविज्ञान टीम नेतृत्व करेगी। टीम यह सुनिश्चित करेगी कि मिशन को सफल कैसे बनाया जा सकेगा।

## रूस का आरोप, यूक्रेन ने मॉस्को पर हमले के लिए भेजे ड्रोन; रक्षा बलों ने मार गिराए

**मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस क्रम में, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने उन तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जिन्होंने मॉस्को में हमला करने की कोशिश की थी। रूस की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार तड़के यूक्रेन ने मॉस्को पर हमला करने की कोशिश की, जिसे विफल कर दिया गया। हमलों में तीन ड्रोन शामिल थे। आगे बताया गया कि दो ड्रोन क्रमशः मोजाहिस्की और खिमकिंस्की जिलों में हवाई सुरक्षा द्वारा नष्ट कर दिए गए, जबकि तीसरा ड्रोन नियंत्रण खो बैठा। बाद में, ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकरा गया। मंत्रालय ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने सोशल मीडिया पर पहले दावा किया था कि वायु रक्षा बलों ने मॉस्को क्षेत्र के मोजाहिस्की जिले में एक ड्रोन को मार गिराया था, जबकि एक अन्य ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि टीमों को मौके पर भेज दिया गया है। इससे पहले सोमवार को भी यूक्रेन के एक ड्रोन ने रूस के बेलगोरोड इलाके में हमले की कोशिश की थी। वहीं, राजधानी मॉस्को पर रविवार भोर में हुए लगातार ड्रोन हमलों ने रूस को हिला दिया था।

## नेपाल में नवजात बच्चों को बेचने के आरोप में चिकित्सक, नर्स, समेत छह गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी सीमावर्ती शहर विराटनगर में कोशी अस्पताल के एक चिकित्सक, एक नर्स, अन्य कर्मचारी सहित छह लोगों को नवजात बच्चों के बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अविवाहित जोड़ों से हुए नवजात बच्चों को निःसंतान दंपतियों का बेचने का सिलसिला कई वर्षों से चल रहा था। यह जानकारी विराटनगर पुलिस के अधिकारी रंजन दाहाल ने दी। डीएसपी दाहाल ने बताया कि एक अविवाहित युवती ने इस संबंध में शिकायत दी थी। उसने आरोप लगाया था कि उसके प्रसव को एक माह हो चुका है। उसका नवजात बच्चा उसे नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि जांच शिकायत सही पाई गई। इसके बाद कोशी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. तपेश्वर लाल कर्ण, नर्स निर्मला यादव, सफाई कर्मचारी सुधा राजवंशी, अविवाहित युवती के प्रेमी गोविन्द राई, बच्चा खरीदने वाली महिला दिलमाया और उसके बेटे सूर्यनारायण को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस अधिकारी दाहाल ने बताया कि इस शिकायत की जांच की भनक मिलते ही डॉ. कर्ण बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया था। उसे अस्पताल के बेड से ही गिरफ्तार किया गया। इस गिरोह ने अविवाहित युवती के बच्चे का सौदा पांच लाख रुपये में किया था। डॉ. कर्ण ने इसके लिए पचास हजार रुपये एडवांस लिए थे। डिलीवरी के समय दो लाख रुपये मिले। बाकी रकम अभी उसे नहीं मिल पाई थी। दाहाल के मुताबिक आरोपित नर्स और सफाई कर्मचारी ने स्वीकार किया है कि वह सब डॉ.कर्ण के लिए यह काम कई साल से कर रहे थे। गर्भपात कराने आने वाली अविवाहित लड़कियों व अन्य महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनकी डिलीवरी करवाई जाती थी। इसके लिए डॉ. तपेश्वर कर्ण ने अपना एक प्राइवेट क्लीनिक भी खोल रखा था।

## ताइवान के पास पश्चिमी प्रशांत महासागर में चीन की परमाणु पनडुब्बी दुर्घटनाग्रस्त, कई सैन्य अधिकारियों की मौत

**बीजिंग।** ताइवान सीमा पर गश्त कर रही चीन की एक परमाणु पनडुब्बी पश्चिमी प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि पनडुब्बी में सवार किसी भी व्यक्ति के बचने की उम्मीद नहीं है। बताया जा रहा है कि पनडुब्बी में सवार सात प्रशिक्षुओं सहित कई सैन्य अधिकारियों की जान चली गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन की सैन्य टुकड़ी इस समय ताइवान के आसपास गश्त कर रही है। ताइवान के उपराष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा के बाद से चीन ने अमेरिका व ताइवान पर दबाव बनाने के लिए जल व वायु



सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इसी के तहत सात सैन्य प्रशिक्षुओं और कई अधिकारियों के साथ परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बी भी ताइवान सीमा पर मौजूद थी। पश्चिमी प्रशांत महासागर के येलो सी क्षेत्र में यह पनडुब्बी गश्त कर रही थी, तभी दुर्घटना का शिकार हो गयी। बताया गया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पनडुब्बी में सवार किसी भी व्यक्ति के बचने की उम्मीद नहीं है। पनडुब्बी में चीन की सेना के सात प्रशिक्षु भी सवार थे। इन प्रशिक्षुओं सहित कई सैन्य अधिकारियों की मृत्यु का अंदेशा जताया गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना आयोग के संयुक्त ऑपरेशन कमांड सेंटर से पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है।

## श्रेथा थाविसिन थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री नियुक्त, 15 साल बाद देश पहुंचते ही पूर्व प्रधानमंत्री गए जेल

**बैंकाक।** थाईलैंड में राजनीतिक उथलपुथल तेज हो गई है। संसद ने श्रेथा थाविसिन को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा 15 साल बाद देश पहुंचते ही जेल भेज दिए गए हैं। थाईलैंड में संसद ने रियल एस्टेट के दिग्गज श्रेथा थाविसिन को अगले प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संसदीय समर्थन जुटाने में थाविसिन की सफलता के बाद यह फैसला हुआ है। इसके लिए सोमवार को थाविसिन और उनके पूर्व सैन्य प्रतिद्वंद्वियों के बीच समझौता हुआ था। देश में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति के दिन ही पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा 15 साल से अधिक समय तक स्व-निर्वासन के बाद



देश लौट आए हैं। 74 वर्षीय थाकसिन 2001 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने थे और 2006 में सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। थाकसिन मंगलवार सुबह 9 बजे एक निजी विमान से बैंकॉक के डॉन मुएंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। उन्होंने समर्थकों की भीड़ का अभिवादन किया और थाईलैंड के राजा की फोटो को नमन किया। इससे पहले जारी एक वीडियो में थाकसिन को सिंगापुर में फ्लाइट में चढ़ने से पहले अपनी बहन यिंगलक शिनावात्रा को गले लगाते हुए दिखाया गया है, जो स्व-निर्वासन में रहती हैं। यिंगलक को 2011 में थाईलैंड की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया था, लेकिन संवैधानिक न्यायालय से अपने पद का दुरुपयोग करने के फैसले के बाद 2014 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। पूर्व सेना प्रमुख प्रयुत चान-ओ-चा ने 2014 में सत्ता छीन ली और यिंगलक ने थाकसिन के बाद स्व-निर्वासन कर लिया। प्रयुत ने तब से थाईलैंड पर शासन किया है, उन्होंने जुलाई में घोषणा की थी कि वह दोबारा चुनाव नहीं लड़ेंगे और राजनीति से संन्यास ले लेंगे। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को वतन वापसी के तुरंत बाद हिरासत में लिया गया, क्योंकि थाईलैंड के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आठ साल की सजा सुनाई है। इसमें लॉटरी परियोजना में भ्रष्टाचार के लिए दो साल की सजा, म्यांमार मामले में निर्यात-आयात बैंक ऋण में शामिल होने के लिए तीन साल की सजा और मोबाइल फोन रियायत संशोधन मामले में उनकी भूमिका के लिए तीन साल की सजा शामिल है।

## चांद पर लोगों को बसाने में चंद्रयान-3 की यह होगी भूमिका, नासा के पूर्व अधिकारी ने बताया कैसे

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष जगत में भारत आज इतिहास रचने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मिशन चंद्रयान-3 आज शाम चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करेगा। पूरी दुनिया इस पल का इंतजार कर रही है। इस क्रम में, नासा के एक पूर्व शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चंद्रयान-3 में महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करने की अपार क्षमता है और वह चंद्रमा को समझने में अहम योगदान देगा। बता दें, वह भारत और अमेरिका की अंतरिक्ष साझेदारी के चंद्रमा पर आगे बढ़ने पर बात कर रहे थे।

**ऐसे बसेंगे घर**

रेडवायर स्पेस के मुख्य विकास अधिकारी माइक गोल्ड ने मंगलवार को कहा कि आंकड़े संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके परिणामस्वरूप चंद्रमा पर घर बसाए जाएंगे। बता दें, माइक गोल्ड नासा में अंतरिक्ष नीति और साझेदारी के पूर्व सहयोगी प्रशासक थे। यह नाम अंतरिक्ष से जुड़े वैज्ञानिकों का एक जाना-माना नाम है। इतना ही नहीं, वह आर्टेमिस रिकॉर्ड के वास्तुकार भी माने जाते हैं। इसके अलावा, उन्होंने चांद पर पहुंचने के लिए कई योजनाओं और रूपरेखा को तैयार किया है।

## भारत के डिजिटल भुगतान की ब्रिक्स बिजनेस फोरम में धमक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में शुरू पंद्रहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बिजनेस फोरम में भारत के डिजिटल भुगतान की धमक रही। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने भारतीय समयानुसार आज सुबह करीब चार बजे अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल में सम्मेलन की गतिविधियां सचित्र साझा की हैं। उन्होंने बताया है-ब्रिक्स बिजनेस फोरम ने मुझे भारत के विकास पथ और 'व्यवसाय करने में आसानी' और




सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा करने का अवसर दिया। साथ ही फोरम में डिजिटल भुगतान, बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्टार्टअप की दुनिया और अन्य क्षेत्रों में भारत की प्रगति को सराहा गया। इससे पहले ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में भी प्रधानमंत्री मोदी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा भारत जल्द ही पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के लिए भारत विकास का इंजन होगा। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। पंद्रहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पाल शिपोकोसा माशातिले ने की। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के कलाकारों ने प्रधानमंत्री के सम्मान में पारंपरिक नृत्य किया। प्रिटोरिया हिंदू सेवा समाज और बीएपीएस स्वामीनारायण संगठन के कार्यकर्ता और भारतीय समुदाय के लोग भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सभी ने वंदे मातरम के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## नेपाल से 15 दिनों में 700 मिट्रिक टन टमाटर भारत भेजा गया

**काठमांडू।** भारत में टमाटर की कमी को पूरा करने के लिए नेपाल से टमाटर का लगातार निर्यात किया जा रहा है। नेपाल के अलग-अलग नाका से भारत के विभिन्न राज्यों के लिए 15 दिनों में करीब 700 मिट्रिक टन टमाटर निर्यात किया गया है। भारत में टमाटर के मूल्यों में अचानक बढ़ोतरी को देखते हुए नेपाल में टमाटर निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध को हटा दिया गया था। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बयान देते हुए नेपाल से टमाटर आयात किए जाने की जानकारी दी थी। इसी के बाद नेपाल से टमाटर का निर्यात किया जा रहा है। नेपाल के कस्टम विभाग की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले 15 दिनों में नेपाल से 700 मिट्रिक टन टमाटर भारत भेजा गया है। टमाटर की यह खेप बीरगंज, भैरहवा, नेपालगंज और काकड़भिट्टा नाका से भेजे जाने की जानकारी दी गई है। बयान में यह भी कहा गया है कि 700 मिट्रिक टन टमाटर सरकारी प्रक्रिया के जरिये पहुंचाया गया है, जिसका सरकार के पास रिकॉर्ड है। कस्टम अधिकारियों का मानना है कि इससे कई गुणा अधिक टमाटर निजी व्यापारियों के माध्यम से भी गया है। बीरगंज कस्टम से सबसे अधिक टमाटर भेजा गया है। कस्टम अधिकारी रामचन्द्र शर्मा ढकाल ने बताया कि पिछले 15 दिनों में इस नाका से करीब 6 लाख 50 हजार किलो टमाटर भारत भेजा गया है। सरकारी आंकड़ों में इस टमाटर का मूल्य करीब 73 लाख 70 हजार है।

## पाकिस्तान में राष्ट्रपति व सरकार में घमासान, दो राजनीतिक दलों ने मांगा इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सेना को ताकतवर बनाने वाले दो विधेयकों के कानून बनने को लेकर सरकार व राष्ट्रपति के बीच शुरू घमासान गहराता जा रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इन विधेयकों पर हस्ताक्षर न करने के बावजूद कानून बन जाने पर आपत्ति जताते हुए अपने सचिव को बर्खास्त कर दिया है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से उनके इस्तीफे की मांग की गयी है।

दरअसल, पिछले दिनों पाकिस्तान की सीनेट ने आधिकारिक गोपनीयता (संशोधन) विधेयक, 2023 और पाकिस्तान सेना (संशोधन) विधेयक, 2023 हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास भेजे थे। बीते दिनों इन्हें कानून के रूप में अधिसूचित किये जाने पर अल्वी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उन्होंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, क्योंकि वह दोनों ही बिलों से असहमत थे। अल्वी ने अपने कर्मचारियों पर धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि खुदा मेरा गवाह है, मैंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए, क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। मैंने अपने कर्मचारियों से विधेयकों को अप्रभावी बनाने के लिए निर्धारित समय के भीतर बिना हस्ताक्षर किए वापस करने को कहा। मैंने उनसे कई बार पूछा कि क्या उन्हें वापस कर दिया गया है और मुझे आश्वस्त किया गया था कि उन्हें वापस



कर दिया गया है। हालांकि, मुझे अब पता चला कि मेरे कर्मचारियों ने मेरी

**उन्होंने कहा, 'जैसा कि खुदा मेरा गवाह है, मैंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए, क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। मैंने अपने कर्मचारियों से विधेयकों को अप्रभावी बनाने के लिए निर्धारित समय के भीतर बिना हस्ताक्षर किए वापस करने को कहा।**

इच्छा और आज्ञा को नहीं माना। मैं उन लोगों से माफी मांगता हूं जो प्रभावित होंगे।' इसके साथ ही उन्होंने अपने सचिव वकार अहमद को बर्खास्त किया था कि उन्होंने अपने कर्मचारियों को बिना हस्ताक्षर किए वापस करने का निर्देश दिया था।

इस बीच, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग की है। पीपीपी के प्रवक्ता फैसल करीम कुंडी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और अल्वी को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य व्यक्ति बताया और दावा किया कि उन्हें नहीं पता कि उनके आसपास क्या हो रहा है। पीपीपी उपाध्यक्ष शेरी रहमान ने कहा कि यह घटनाक्रम अल्वी के राष्ट्रपति बने रहने की क्षमता पर सवाल उठाता है।

क्या वह यह कहना चाह रहे हैं कि किसी और ने उनकी नाक के नीचे से विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। रहमान ने कहा कि अगर ऐसा है, तो राष्ट्रपति को इस्तीफा दे देना चाहिए।

पीएमएल-एन नेता और पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार ने अल्वी के बयान को अविश्वसनीय बताया और उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि नैतिकता के अनुसार अल्वी को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह अपने कार्यालय को प्रभावी ढंग से, कुशलतापूर्वक और नियमों के अनुसार चलाने में विफल रहे हैं।

# जिला फरीदाबाद में लम्पी स्किन डिजीज के लिए टीकाकरण अभियान शुरू: डीसी विक्रम सिंह

## आगामी 9 सितंबर तक चलेगा टीकाकरण अभियान, 50 हजार गौ वंश के टीकाकरण का लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में 50 हजार गौ वंश के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है तथा टीकाकरण, फॉगिंग, स्प्रे व जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर जारी है। उन्होंने कहा कि पशुपालक पशु बीमार होने पर तुरंत पशु चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें। डीसी विक्रम ने आगे कहा कि पशुओं की लम्पी स्किन बीमारी (एसएसडी) की रोकथाम व पशु धन को बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग की टीमें जगह-



जगह पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण करेगी व पशुपालकों को जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी 9 सितंबर तक चलाया जाएगा। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग फरीदाबाद के उपनिदेशक डॉ. विरेन्द्र सहरावत ने बताया कि फरीदाबाद जिले में 50 हजार गौ वंश का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में कोई भी गाय टीकाकरण से वंचित नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 4 माह से अधिक के प्रत्येक गौवंश को यह टीकाकरण किया जाएगा, जिसके लिए जिले में उपमंडल अधिकारी व पशु चिकित्सकों के नेतृत्व में 22 टीमों का गठन किया है जो पशुपालकों के घर द्वार जाकर टीकाकरण अभियान करेगी। एलएसडी एक विषाणु जनित खतरनाक बीमारी है जिससे पिछले वर्षों पूरे देश में काफी संख्या में गौवंश की मृत्यु हो गई थी। इस बीमारी में गाय के शरीर पर गांठें हो जाती हैं जो फुटकर घाव बना देते हैं। यह पशु के लिए बहुत पीड़ादायक होता है। डॉ. सहरावत ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस टीके से पशु के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ऐसे में वे पशु पालकों से अपील करते हैं कि जिले में किसी भी गौवंश को टीके से वंचित ना रहने दे।

# एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में हुई चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधों में सुरक्षा समीक्षा, एससी-एसटी एक्ट, पोस्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द शर्मा ने आज बुधवार को अपने कार्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आयोजित चिन्हित अपराध योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए।
एडीसी आनन्द शर्मा ने पुलिस



विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### ओम शांति ब्रह्मकुमारी आश्रम संस्था से बहनों ने डीसीपी राजेश दुग्गल को बांधी राखी।



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
ओम शांति ब्रह्मकुमारी आश्रम संस्था मोहना रोड़ बल्लबगढ़ की महिलाओं ने आज डीसीपी बल्लबगढ कार्यालय में डीसीपी को रक्षाबंधन के त्यौहार पर राखी की बांधी। डीसीपी बल्लबगढ़ ने सभी ब्रह्मकुमारी आश्रम से आई हुई बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसीपी बल्लभगढ़ मनीष सहगल, एसीपी तिगांव राजेश लोहान व ब्रह्मकुमारी आश्रम की तरफ से बीके संगीता संचालक आश्रम, रुचि बहन, मीना बहन, कुणाल,शरद और योगेंद्र भाई उपस्थित रहे।
पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया ह्यओम शांति ब्रह्मकुमारी आश्रम संस्थाह्न ने पुलिस अफसरों के साथ आने वाले रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस वर्ष भी ओम शांति बहनों ने पुलिस अफसरों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। ब्रह्मकुमारी बहनों ने पुलिस अफसरों की कलाई पर राखी बांधकर यह प्रदर्शित किया कि इन बहादुर सैनिकों की बदौलत ही आज हम सब सुरक्षित हैं। इनकी कर्तव्य परायणता ही सच्चा देशप्रेम देश-सेवा कही जाएगी। सच्चे मायने में तो ये ही भारत मां के वीर सपूत हैं। यहां उन्होंने पुलिस विभाग के आला अफसरों सहित सभी कर्मचारियों को तिलक कर राखी बांधी मिठाई खिलाई। उन्होने बताया कि अन्य हर वर्ग के लोगों के लिए सरकार की ओर से छुट्टियां निर्धारित की गई होती हैं। वह लोग हर त्यौहार के अपने घरों या अपने रिश्तेदारों के यहां जाते हैं। वहां अपने लोगों के साथ त्यौहार की खुशियां बनाते हैं। इसके विपरीत पुलिस जवान व हमारे सैनिक भाई अक्सर इन खुशियों मे शरीक नहीं हो पाते हैं डीसीपी बल्लबगढ़ ने समाज की महिलाओं की सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए बताया कि महिला तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा 1091 तथा 1098 नंबर जारी किया गया है तथा इसके साथ ही डायल 112 प्रोजेक्ट भी शुरू किया जा चुका है जिस पर संपर्क करके आप महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते हैं। पुलिस कैन्ट्रल रुम नम्बर पर कॉल करने पर 10/15 मिनट में आपके पास सहायता के लिए पुलिस पहूंच जाएगी।

### दिल्ली पुलिस के होमगार्ड की हत्या करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच 65 ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व उनकी टीम ने बल्लभगढ के गढ़खेड़ा निवासी दिल्ली पुलिस में तैनात होमगार्ड धर्मपाल की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुनील उर्फ पवन निवासी गढ़खेड़ा बल्लभगढ ० उसके पुत्र (नाबालिक) का नाम शामिल है। आरोपी सुनील अग्रवाल स्कूल मुजेड़ी में प्यून की नौकरी करता है। दिनांक 19 अगस्त को छान्यसा एरिया में स्थित गढ़खेड़ा निवासी होमगार्ड धर्मपाल कि उसके पड़ोसी आरोपी सुनील व उसके पुत्र ने मिलकर हत्या कर दी थी। आरोपी सुनील मृतक धर्मपाल का पड़ोसी है। सूचना मिलते ही एसीपी क्राइम अमन यादव, एसीपी तिगांव राजेश लोहान, थाना प्रभारी व क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। मृतक के भतीजे की शिकायत पर छान्यसा थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने तलवार से हमला करके धर्मपाल की हत्या कर दी थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कल आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि मृतक धर्मपाल जो दिल्ली पुलिस में होमगार्ड था उसके साथ आरोपी सुनील की किसी ने किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी। आरोपी सुनील काफी समय से धर्मपाल पर रौब जमाता रहता था।

## हिसार : अस्पताल में आग लगने से जिंदा जला मरीज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
नगर के डाबड़ा चौक के नजदीक स्थित एक निजी अस्पताल के कमरे में मंगलवार रात आग लगने से झुलसकर एक मरीज की मौत हो गई। मरीज के हाथ-पांव बैड से बंधे थे, जिससे वह भाग नहीं सका। बुधवार की सुबह मृतक के परिजन के अलावा तमाम भीड़ अस्पताल के बाहर जमा हो गई और पुलिस बल मौके पर मौजूद है।
बताया जा रहा है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 15 निवासी अमित वधवा को उसके परिजनों ने डाबड़ा चौक स्थित परिवर्तन अस्पताल में भर्ती करवाया था।

# मानवता की दिशा में रक्तदान एक बड़ा कदम : कृष्ण पाल गुर्जर

**रक्तदान महादान**

**आपके रक्तदान से किसी का जीवन बचा है तो वह अपने आप में महा पुण्य कार्य है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहाकि रक्तदान महादान है आवश्यकता पड़ने पर जब रक्त नहीं मिलता तो उसकी कीमत का अंदाजा उस वक्त लगता है। कहा कि आपके रक्तदान से किसी का जीवन बचा है तो वह अपने आप में महा पुण्य कार्य है। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कृष्ण



पाल गुर्जर ने आज भारत विकास परिषद द्वारा डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के माध्यम से आईएमटी स्थित टेक्नो स्प्रिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान मानव सेवा का काम है इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं। दुनिया में हर चीज पर कारखाने में बनाई जा सकती है लेकिन रक्त जैसी चीज है को किसी कारखाने में नहीं बनाया जा सकता। सिर्फ मानव शरीर में रक्त बनता है। इंसान ही इंसान की जान बचाने के लिए अपना रक्त देकर दान कर सकता है। इसलिए इस दान से बढ़कर कोई दान नहीं। यह एक अद्वितीय तरीका है जिसमें हम अपने रक्त से अनजाने जीवनों को नया आदान-प्रदान कर सकते हैं और इंसान की बीमारियां का समय से पहले उसकी जानकारी देने का तरीका स्वास्थ्य जांच से बढ़िया कोई तरीका नहीं और हमें अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच भी करनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्किम देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना के नाम से लागू की है। 10 करोड़ से ज्यादा परिवार लगभग 50 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख तक का साल में मुफ्त इलाज होना दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम है। गरीब आदमी का इलाज हो जाए और उसकी जान बच जाए मोदी जी ने पहली बार देश में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता की। जिसके पास वास्तव में इलाज के लिए पैसों का अभाव है। वही हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना के रूप में इस योजना को हरियाणा में लागू किया है। मुख्यमंत्री ने चिरायु योजना जो हरियाणा में लागू की है वह उन परिवारों परिवार के लिए है जिनकी आमदनी पहले एक लाख बीस हजार रुपए सालाना होती थी जिसको बढ़ाकर एक लाख अस्सी

# चंद्रयान की सफलता ने भारत को बनाया विश्व गुरु : जगदीश भाटिया

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भाटिया ने चन्द्रयान 3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग होने पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है और इसरो के सभी वैज्ञानिको का धन्यवाद किया जिन्होंने दिन रात मेहनत करके इस कार्य को सफल बनाया, श्री भाटिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. इससे साबित हो गया है कि अब भारत देश विश्व गुरु बन चुका है. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दावा किया



था कि भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता और आज उन्होंने यह साबित भी कर दिखाया है. श्री भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ही देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान तीन को सफलतापूर्वक उतार कर एक ऐसा इतिहास बनाया है जिसने भारत को पूरी दुनिया में विश्व गुरु की उपाधि दिलवा दी है. भाजपा नेता श्री भाटिया ने कहा कि जब रूस जैसे देश भी इसमें सफल नहीं हो पाए. ऐसे में भारत ने यह सफलता हासिल कर एक इतिहास रचा है. इस महान उपलब्धि के लिए वह देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और चंद्रयान तीन अभियान में लगे सभी वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं. उन्होंने कहा कि भारत देश ने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरी दुनिया को पीछे छोड़ दिया है.

## यमुनानगर में दो गुटों की रंजिश, की ताबड़तोड़ फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
यमुनानगर के थाना सदर के अंतर्गत गांव टोडरपुर में मंगलवार देर शाम दो गुटों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष के युवकों ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के युवकों ने उन पर गोलियां चलाई। एक गोली एक युवक के बाजू को छूते हुए निकल गई। वही हमलावरों ने उनकी दो कारें भी तोड़ दी। आरोपी मौके से भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव टोडरपुर निवासी शाहरुख अली ने बताया कि उनके गांव का हुसैन नाम का युवक पहले दूसरे पक्ष के लोगों के साथ रहता था।

# उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में हुआ "एक पहल" कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशानुसार और अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में पांचवे दिन "एक पहल" कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के समन्वय से ज्ञान दीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एसजीएम नगर फरीदाबाद में लगाया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच है उनको लाभ दिलाना। इसमे स्ट्रीट बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र हेल्थ चेकअप, आधार कार्ड, दिव्यांग सर्टिफिकेट, ड्रॉपआउट बच्चों के दाखिले, फैमिली आई डी मोके पर बनाने के प्रयास किये गए। पांचवे कैम्प का निरीक्षण मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी आशीष जैन और श्रुति ने किया। बता दें कि यह कैंप, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ, शिक्षा, एमसीएफ, एनआईसी सहित तमाम विभागों के द्वारा मौके पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। जिला प्रशासन की तरफ से दिव्यांग जनों एवं निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसी परिस्थितियों में रहकर ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ऐसे बच्चों के लिए आधार कार्ड,परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निवास स्थान बनाने और स्वास्थ्य जांच के लिए कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य मानव शर्मा द्वारा स्कूल में कैंप की व्यवस्था करवाई गई। नव सृष्टि संस्था से के पी सिंह ने अपनी टीम के साथ कैम्प में सहयोग किया। कार्यक्रम में निर्धारित सभी विभागों ने अपने दायित्वों का पालन किया। कार्यक्रम में खबर लिखे जाने तक 148 बच्चों को लाभ पहुंचाया गया।

# पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने संभाला सीपी फरीदाबाद का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आईपीएस अधिकारी राकेश कुमार आर्य ने आज फरीदाबाद पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। फरीदाबाद पहुंचने पर ज्वाइंट सीपी श्री ओपी नरवाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया इस अवसर पर डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल व डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।
हरियाणा सरकार द्वारा विगत दिनो प्रदेश मे किये गये पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियो के तबादला के आदेशों के तहत उनका तबादला



पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के तौर पर किया गया हुआ था। वे स्वच्छ छवि के आमजन के कार्यों के लिये समर्पित पुलिस अधिकारी के तौर पर जाने जाते हैं। इनकी प्राथमिकता कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने तथा आमजन की पुलिस से सम्बंधित समस्यों का अविलम्ब निवारण व समाधान करने की रही है। जोखिम व चुनौतिपूर्ण कार्यों में उन्होंने हमेशा सफलता पाई है। बतौर आईजी हिसार रेंज के उनके कार्यकाल के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा सराहनीय कार्य व नशा मुक्ति को लेकर चलाए गए अभियान को देखते हुए उन्हें 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी अलंकृत के किया गया है। श्री राकेश कुमार आर्य ने अपने कार्यकाल के दौरान अनेकों सराहनीय कार्य किए है। वे हरियाणा के छह से ज्यादा जिलों में पुलिस अधीक्षक, डीआईजी गुप्तचर व डीआईजी प्रशासन एवं कानून-व्यवस्था के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। आईपीएस की ट्रेनिंग के बाद सबसे पहली नियुक्ति हिसार में हुई थी, उसके बाद मधुबन, डीसीपी साउथ गुड़गांव, पुलिस अधीक्षक करनाल, कुरुक्षेत्र, पलवल, भिवानी, जींद और रोहतक जिलों में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ साथ अनेक शातिर प्रवृत्ति के बदमाशों/अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने हेतू सराहनीय कार्य किया।

# भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने विश्व पटल पर देश का नाम रोशन किया: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पृथला विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि भारत पूरे विश्व में पहला देश बन है जिसने सफलतापूर्वक चाँद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इस मिशन की सफलता के पीछे हमारे देश के वैज्ञानिकों का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता पर सभी देशवासियों को बधाई दी। विधायक नयनपाल रावत आज बुधवार को सेक्टर 12 स्थित हुडा कन्वेंशन हॉल में आयोजित चंद्रयान 3 मिशन के लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर



रहे थे। इस लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ अफ्रीका से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया व देशवासियों को बधाई दी।
डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि चंद्रयान-3 चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है, जो चंद्र सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने की संपूर्ण क्षमता प्रदर्शित करता है। इसमें लैंडर और रोवर कॉनफि गरेशन शामिल है। इसे छश्ट3 द्वारा रऊउ रल्अफ श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (एलएम), प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य अंतर ग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है। लैंडर में एक निर्दिष्ट चंद्र स्थल पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता होगी जो अपनी गतिशीलता के दौरान चंद्र सतह का इन-सीटू रासायनिक विश्लेषण करेगा। लैंडर और रोवर के पास चंद्र सतह पर प्रयोग करने के लिए वैज्ञानिक पेलोड हैं। पीएम का मुख्य कार्य एलएम को लॉन्च वाहन इंजेक्शन से अंतिम चंद्र 100 किमी गोलाकार ध्रुवीय कक्षा तक ले जाना और एलएम को पीएम से अलग करना है। इसके अलावा, प्रोपल्शन मॉड्यूल में मूल्यवर्धन के रूप में एक वैज्ञानिक पेलोड भी है जो लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के बाद संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अमित मान, जिला सूचना एवं जंसमपर्क अधिकरी राकेश गौतम, पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चंद्रयान-3 विक्रम चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने अधिवक्तागणो ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
भारत का चंद्रयान-3 विक्रम चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने पर लॉयर चेंबर सैकटर 12 में अधिवक्तागणो ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते इस मौके पर बार काउंसिल पंजाब हरियाणा के पूर्व सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट,वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस नागर ,प्रदीप शांडिल्य ,होरी लाल,शरद शर्मा,भीम सैन पुजारी, भारत पुजारी आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 24 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## विशाल मेगा मार्ट में लगी आग

**लखनऊ:** विकास नगर थाना क्षेत्र स्थित विशाल मेगा मार्ट में बुधवार को आग लग गई। इसे बुझाने अग्निशमन की पांच गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत की। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) ने बताया कि विकास नगर रिंग रोड स्थित जगरानी अस्पताल के पास विशाल मेगा मार्ट है। रोजाना की तरह बुधवार को मार्ट खुला हुआ था। अचानक दूसरे तल में आग लग गई, जिससे मार्ट में अफरा-तफरी मच गई। आग ने विकराल रूप धारण करते हुए फूड स्टॉल को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने पुलिस और दमकल की सूचना दी। मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बिल्डिंग में धुआं भरने से आग बुझाने में दमकल कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारी आकाश पटेल और आराधना ने बताया कि मार्ट के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई थी। धमाके से मार्ट के बोर्ड में आग लगने के बाद पूरे शो-रूम में आग फैल गई। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए मिट्टी और फायर फायटिंग इक्युपमेंट का इस्तेमाल किया गया।

## भूपेश सरकार में महिलाएं त्रस्त : श्रीनिवासन

**रायपुर:** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने कहा है कि भाजपा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस चुकी हैं। श्रीमती श्रीनिवासन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शक्ति केंद्रों तक जाकर हर एक महिला से संपर्क किया जाएगा और उनको केन्द्रीय योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ व देशभर में एक करोड़ महिलाओं से संपर्क करने का लक्ष्य तय किया गया है। सितंबर के महीने से विभिन्न जनसंपर्क अभियान एवं युवती सम्मेलनों के तहत छत्तीसगढ़ की हर विधानसभा के विभिन्न वर्गों की महिलाओं से भाजपा महिला मोर्चा संपर्क साधेगा। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत आविष्कारों एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। महिला सशक्तीकरण और महिलाओं की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनओं की विस्तार से चर्चा करते हुए श्रीमती श्रीनिवासन ने कहा कि महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए जो भी कार्य हुए हैं, उनको गांव एवं शहर, हर स्तर पर महिलाओं तक पहुँचाएंगी। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए केंद्र सरकार द्वारा देश में युवा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन ट्रीटमेंट देने की शुरूआत की है । जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य को भी चुना गया है जिससे छत्तीसगढ़ की महिलाओं में इस बीमारी से बचने के लिए एक बहुत ही सशक्त पहल है।

# 'खेलों में भी यूपी की अब अलग पहचान'

## 'निष्पक्ष मिली नौकरी, जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे, लोकभवन में नवचयनितों के अंतर्मन से निकले योगी सरकार के प्रति विश्वास के बोल

कार्यप्रणाली

यूपी की माटी की महक दुनिया में महकाने वाले खिलाड़ियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से नौकरी मिली



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**खेलों** में भी यूपी की अब अलग पहचान बन चुकी है। पदक लाने वाले खिलाड़ियों को योगीराज में यहां भी राजपत्रित अधिकारी के रूप में नौकरी मिल रही है। सीएम योगी की निष्पक्ष कार्यप्रणाली व अपनी खेलों-प्रतिभा की बदौलत यूपी की माटी की महक दुनिया में महकाने वाले खिलाड़ियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से नौकरी मिली। यूपी के खिलाड़ी हों या राज्य से बाहर के, सिर्फ और सिर्फ खेल में प्रदर्शन ही उनके चयन का आधार बना। नियुक्ति पत्र पाने वाले 233 आरक्षियों ने सीएम योगी के नेतृत्व में हुई निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की न सिर्फ सराहना की, बल्कि विश्वास भी दिलाया कि नौकरी के जरिए जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे और खेल के जरिए यूपी का मान बढ़ाएंगे। आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों के खिलाड़ी भी यूपी का हिस्सा बने।

**जुलाई में भी 227 आरक्षियों को खेल कोटे से मिला था नियुक्ति पत्र :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार दो महीने (जुलाई व अगस्त) खेल कोटे से आरक्षियों को नियुक्ति पत्र देकर यूपी पुलिस की नौकरी से जोड़ा। 23 अगस्त को मुख्यमंत्री ने लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया तो इसके पहले 8 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया था। यही नहीं, 6 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने खेल के इतर लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र दिया था।

### 'हर खेलों में यूपी के लिए आएंगे पदक'

**उत्तराखंड** की रहने वालीं खिलाड़ी तनु मलिक ने कहा कि भर्ती के माध्यम से सभी को एकत्र किया गया। जिस प्रकार खेलों में हम सभी ने अभी तक प्रदर्शन किया। कोशिश रहेगी कि विभिन्न खेलों के खिलाड़ी आने वाले समय में भी उसी प्रकार प्रदर्शन कर पदक लाकर यूपी का गौरव बढ़ाते रहें। यह सत्य है कि यूपी में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

**यूपी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ:** हरियाणा निवासी जतिन जूडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका में हुए कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप-2023 जतिन ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि खेल कोटे से उन्हें नौकरी मिली। यूपी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ। इससे अच्छे खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिला। विश्वास दिलाते हैं कि यूपी के खिलाड़ी आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर मेडल लाएंगे।

**योगी जैसी सरकार किसी प्रदेश में नहीं:** नवचयनित राजस्थान के मूल निवासी दिनेश चौधरी ने कहा कि योगी जैसी सरकार किसी प्रदेश में नहीं है। निष्पक्ष भर्ती हुई है और सबके सामने पारदर्शिता से कार्य हुआ है। भेदभाव जैसी चीज यहां बिल्कुल भी नहीं है। हमें सिर्फ और सिर्फ अपने चयन के आधार पर ही नौकरी मिली। यह बड़ी बात है। प्रदर्शन ही चयन का मानक बना तो यह सिर्फ योगीराज में ही संभव है। यूपी के देवरिया निवासी रोइंग खिलाड़ी शोभित पांडेय ने कहा कि निष्पक्ष भर्ती के कारण ही अच्छे खिलाड़ी निकलकर आए हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि यूपी के लिए पदक लाने के साथ लोगों को न्याय मिले। हम यूपी के लिए निरंतर खेलों में पदक लाते रहेंगे और अपने गांव-प्रदेश का नाम बढ़ाते रहेंगे।

## उद्योगों की बिजली काट कृषि उपभोक्ताओं को मिले निर्बाध विद्युत आपूर्तिः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही कृषि के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि हमारे किसानों को सिंचाई में परेशानी उठानी नहीं पड़े।

गहलोत ने मंगलवार देर रात तक मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अघोषित बिजली कटौती नहीं की जाए। यदि कटौती अपरिहार्य हो, तो इसकी समुचित सूचना प्रभावित होने वाले क्षेत्र के लोगों को पूर्व में ही दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जून-जुलाई में बारिश अच्छी होने के कारण फसलों की बुवाई ऐतिहासिक रूप से बढ़ी।

वहीं, अगस्त में बारिश की कमी से सिंचाई के लिए बिजली की मांग भी बढ़ गई। साथ ही, छत्तीसगढ़ से भी कोयले की आपूर्ति नहीं होने, गर्मी की वजह से घरेलू उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने सहित

न हो परेशानी

यदि कटौती अपरिहार्य हो, तो इसकी समुचित सूचना प्रभावित होने वाले क्षेत्र के लोगों को पूर्व में ही दी जाए

अन्य कारणों से बिजली की मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर आया है। 10 अगस्त से लगातार लगभग 3300 लाख यूनिट बिजली उपलब्ध करवायी जा रही है, जो कि एक रिकॉर्ड है। गत वर्ष अगस्त माह में औसत खपत लगभग 2300 लाख यूनिट ही थी, परंतु इस वर्ष अचानक विद्युत भार बढ़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगस्त में राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे उत्तरी भारत में बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत उपलब्धता के लिए महंगी दर पर भी बिजली खरीदने को तैयार है।

## राजस्थान में पिछले पांच वर्षों से लूट और भ्रष्टाचार का शासनः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**केंद्रीय** खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बुधवार को जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में ठाकुर ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में पिछले पांच वर्षों से लूट और भ्रष्टाचार का शासन है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया केंद्र, राजस्थान का शुभारंभ करने और युवा प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने जयपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि यहां के युवाओं ने बेरोजगारी, पेपरलीक जैसी घटनाओं को झेला है। अब प्रदेश के युवाओं ने इस सरकार से निजात पाने का मन बना लिया है। युवाओं का ये प्रण ही राजस्थान को भ्रष्टाचार के शासन से मुक्ति दिलाएगा। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के प्रयास से पहले इसरो टीम को शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम सभी उस पल का इंतजार कर रहे हैं, जब चंद्रयान-3 मिशन सफल हो। ठाकुर ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है।



## 31 यात्रियों से भरी बस खाई की ओर लटकी

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**

**जनपद में** बुधवार को एक बड़ी दुर्घटना दैव योग से टल गई। भवाली-अल्मोड़ा राजमार्ग पर गरमपानी के पास दोपाखी के पास उत्तराखंड परिवहन निगम की बस अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी की ओर लटक गई। बताया गया है कि बागेश्वर डिपो की बस दिल्ली से बागेश्वर होते हुए मुन्स्यारी जा रही थी। गनीमत रही कि सड़क किनारे डिवाइडर लगे होने की वजह से बस नदी में जाने से बच गई। इस दौरान बस में 31 यात्री सवार बताए गए हैं। अचानक बस के इस तरह अनियंत्रित होने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, परंतु बस के नदी में गिरने से बच जाने से यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## जांच एजेंसियों के जरिये कांग्रेस नेताओं को डरा रही है केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने** आरोप लगाया है कि मोदी सरकार आगामी चुनावों में हार से घबराकर जांच एजेंसियों से कांग्रेस नेताओं को परेशान करवा रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाकार सहित कुछ अन्य लोगों के घरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर आपत्ति जताई है। छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी छापेमारी हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है। पिछले कुछ दिनों में कई सर्वे में भाजपा की भारी हार दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के पीछे छत्तीसगढ़ की जनता की ताकत है। हमें डराया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए लिखा, "मेरे जन्मदिन के दिन आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार।"


आरोप

छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी छापेमारी हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है : खेड़ा

## नासिकः एपीएमसी में प्याज की नीलामी आज से

**टीम एक्शन इंडिया/नासिक**

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी गुरुवार से फिर शुरू होगी। प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाए जाने का विरोध कर रहे व्यापारियों ने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है। व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार के साथ बुधवार को यहां व्यापारियों-निर्यातकों और किसानों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।



**नासिक में व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लिया गया फैसला:** बैठक के बाद पवार ने यह भी कहा कि नासिक में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बैठक में सूचित किया कि वे कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में प्याज की नीलामी बंद करने के फैसले को वापस ले रहे हैं और वहां से परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा, "40 प्रतिशत निर्यात शुल्क के बारे में हम केंद्र सरकार से पुनर्विचार करने और इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध करेंगे।" केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री पवार नासिक के डिंडोरी से सांसद हैं। एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी के रूप में जानी जाने वाली लासलगांव एपीएमसी सहित नासिक में अधिकांश एपीएमसी में प्याज की नीलामी बंद कर दी गई है क्योंकि व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के खिलाफ हैं।




तैयारियां पूरी

### प्रतियोगिता परीक्षा में, प्रशासन ने की पूरी तैयारी

## बिहारः 30 परीक्षा केंद्रों पर 12,856 परीक्षार्थी होंगे अध्यापक

परीक्षा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**

**अररिया** जिला के 30 परीक्षा केंद्रों पर होने वाले प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा में 12,856 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अररिया में जहां 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,वहीं फारबिसगंज अनुमंडल में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली में 11768 एवं द्वितीय पाली में 1088 अर्थात कुल 12856 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 24 और 25 अगस्त को आयोजित होना है और इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी को अंतिम रूप



दिया जा रहा है।इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता विशेष कार्य पदाधिकारी देवेंद्र प्रताप शाही ने की। बैठक में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, सभी पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों तथा केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के मद्देनजर कई आवश्यक जानकारी दी गई।

बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया